CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 99 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 28 अप्रेल, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 page 8+st

# नितिन नवीन का जयपुर में भीषण गर्मी में भी ऐतिहासिक स्वागत : खुली गाड़ी में नितिन नवीन का 12 किलोमीटर तक विशाल भव्य रोड शो

**स्वागत रोड शो में खुली गाड़ी में नितिन नवीन के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रोड शो में लोगों का अभिवादन कर रहे थे स्वीकार, दर्जन भर जगह पर समारोह पूर्वक भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, पूरे रास्ते जेसीबी से नितिन नवीन पर की गई फूलों की बरसात, ओटीएस चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में ग्राम विकास रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना,सज धज कर हाथी भी कर रहे थे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत, भाजपा कार्यालय के बाहर महिला मोर्चा की ओर से कलश यात्रा के माध्यम से किया गया भव्य स्वागत, टोंक में आयोजित कार्यक्रम में नितिन नवीन ने सात जिला कार्यालयों का वर्चुअल उद्घाटन किया, जालोर कार्यालय का किया शिलान्यास**

जयपुर टाइम्स







**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का सोमवार सत्ता और संगठन की ओर से राजधानी जयपुर और टोंक में ऐतिहासिक स्वागत किया गया। राजधानी जयपुर में जिस उल्लास और उमंग के साथ सांगानेर एयरपोर्ट से लेकर प्रदेश भाजपा के कार्यालय तक करीब दर्जन भर जगह पर नितिन नवीन का शानदार तरीके से भारतीय जनता पार्टी के छोटे-बड़े सभी नेताओं ने स्वागत किया यह स्वागत देखने लायक था। एक तरफ जहां जयपुर और आसपास के जिलों के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और नेता बड़ी संख्या में यहां पर नितिन नवीन का स्वागत करने के लिए पहुंचे थे तो दूसरी तरफ प्रदेश भाजपा की ओर से जयपुर में सांगानेर एयरपोर्ट से लेकर प्रदेश भाजपा कार्यालय के करीब 12 किलोमीटर के रास्ते में दर्जन भर जगह पर समारोह पूर्वक नितिन नवीन का शानदार तरीके से वेलकम किया गया। इस स्वागत समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ नितिन नवीन के साथ रहे अलग-अलग जगह पर जयपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से अलग-अलग अंदाज में उनका स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के दौरान जेसीबी से पूरे रास्ते में नितिन नवीन के वहां पर फूलों की बरसात की गई तथा सांगानेर एयरपोर्ट से प्रदेश भाजपा कार्यालय तक सांगानेर एयरपोर्ट,ओटीएस चौराहा, वर्ल्ड ट्रेड पार्क कनोडिया कॉलेज 22 गोदाम, राजमहल पैलेस चौराहा सहित दर्जन भर जगह पर शानदार तरीके से कार्यक्रम का आयोजन करके नितिन नवीन का स्वागत किया गया। अलग-अलग जगह पर भारतीय जनता पार्टी के विधायकों और संगठन से जुड़े नेताओं ने स्वागत कार्यक्रम की बात डोर अपने हाथ में ली हुई थी कई जगहों पर उत्साहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नितिन नवीन को अपने कंधों पर भी बिठा लिया। स्वागत समारोह में भारतीय जनता पार्टी की महिला कार्यकर्ता और संगठन से जुड़ी नेता बड़ी संख्या में नजर आई और भाजपा महिला मोर्चा की ओर से बाकायदा राजस्थानी अंदाज में उनका वेलकम किया गया। पूरे स्वागत समारोह में परंपरागत तरीके से नितिन नवीन का राजस्थानी अंदाज में भाजपाइयों ने जिस तरह से उनका स्वागत किया। वह जयपुर के इतिहास में एक नए अध्याय की तरह जुड़ गया है क्योंकि नितिन नवीन की आयु अभी 45 साल है और 45 साल में ही दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के मुखिया बने हैं उसके बाद राजस्थानी नहीं बल्कि पूरे देश भर के भारतीय जनता पार्टी के युवा नेताओं में एक जबरदस्त उत्साह का संचार हुआ है और यह जबरदस्त उत्साह सोमवार को नितिन नवीन के जयपुर और टोंक में वेलकम करने के दौरान भी देखा गया, गुलाबी शहर जयपुर में अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के विधायकों और संगठन से जुड़े नेताओं ने स्वागत की पहले से ही शानदार तैयारी की हुई थी इसलिए सोमवार को भीषण गर्मी के बावजूद भी बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता नितिन नवीन का स्वागत करने के लिए पहुंचे, नितिन नवीन के इस शानदार स्वागत समारोह में कई जगहों पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने उन्हें आराध्या गोविंद देव जी की तस्वीर, हनुमान जी की गदा, महाराणा प्रताप की फोटो इत्यादि भेट स्वरूप दी, जयपुर की तरह टोंक में भी भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं ने नितिन नवीन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का शानदार तरीके से वेलकम किया। टोंक में आयोजित कार्यक्रम में नितिन नवीन ने वर्चुअल माध्यम द्वारा राजस्थान के टोंक, बूंदी, चूरू, पाली, प्रतापगढ़, डूंगरपुर एवं बाड़मेर जिलों में नवनिर्मित भाजपा जिला कार्यालय भवनों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही जालोर जिला कार्यालय का शिलान्यास भी किया। टोंक में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा सहित राज्य मंत्रिमंडल के कई अन्य सदस्य और पार्टी के कई विधायक भी मौजूद रहे क्योंकि टोंक में सोमवार को आयोजित हुए इस कार्यक्रम में प्रदेश के सात जिलों के पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं के साथ संवाद करने के लिए रखा गया था। इसलिए यहां करीब 30000 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई थी इसलिए यहां कई जिलों के भाजपा के संगठन से जुड़े नेता इस कार्यक्रम में शामिल हुए जयपुर और टोंक में आयोजित कार्यक्रमों में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति 100 मीटर की रेस नहीं है, शॉर्ट टर्म से बचें, यह लॉन्ग रन है, स्टैमिना टेस्ट है उन्होंने कहा कि केंद्र में पिछले 12 साल और राजस्थान में पिछले 2 साल में पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, उद्योग,चिकित्सा, किसान, युवा, महिला, सशक्तिकरण, स्किल डेवलपमेंट रोजगार टेक्नोलॉजी इत्यादि क्षेत्र में शानदार कार्य हुए हैं इसलिए दोनों ही सरकारों के कामकाज और उपलब्धियां को पार्टी के संगठन से जुड़े नेता और कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाएं और पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने में पूरी ताकत से जुटे रहे उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही भाजपा ने आम चुनाव और विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनाव में शानदार सफलता हासिल की है और राजस्थान में भी आने वाले समय में पंचायत और नगर निकाय के चुनाव में तथा अगले विधानसभा चुनाव में पार्टी की फिर से सरकार बने इसके लिए सभी को सामूहिक रूप से पार्टी के संगठन को मजबूती देने के साथ-साथ केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार के कामकाज और उपलब्धियां का जोरदार तरीके से प्रचार प्रचार करें । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को हासिल करने के लिए पिछले 2 साल में राजस्थान में विभिन्न क्षेत्रों में जिस तरह से तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं उससे निश्चित रूप से राजस्थान 2047 में विकसित राजस्थान के रूप खुद को स्थापित करेगा क्योंकि प्रदेश के भजनलाल सरकार किसी दिशा में तेजी से कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि मैं यहां आकर देखा और महसूस भी किया है कि पिछले 2 साल में भजनलाल सरकार ने हर क्षेत्र में जो काम किया है वह निश्चित रूप से राजस्थान के विकास को नई दिशा और गति दे रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि पश्चिम बंगाल से यहां में सीधा पहुंचा हूं और पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी चुनाव नहीं लड़ रही बल्कि वहां की जनता भारतीय जनता पार्टी के लिए चुनाव लड़ रही है इसलिए 4 मई को पश्चिम बंगाल में नई आजादी और नए युग का उदय होगा जब वहां भारतीय जनता पार्टी को भारी बहुमत मिलेगा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय कार्यक्रम और उनकी समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने के संकल्प को प्रदेश की भजनलाल सरकार शानदार तरीके से पूरा कर रही है उन्होंने कहा कि केंद्र में जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में और निर्देशन में भारत का हर क्षेत्र में पिछले 12 सालों में तेजी से विकास हुआ है और पूरी दुनिया भारत को एक अलग नजरिए और एक अलग सम्मान से देखने लगी है उससे भारत की प्रतिष्ठा और सम्मान पूरी दुनिया में मोदी के नेतृत्व में बढ़ रहा है उन्होंने कहा कि कोरोना की अवधि में भी यह मोदी के मेक इन इंडिया कार्यक्रम का ही परिणाम रहा की देश के वैज्ञानिकों ने कोरोना की वैक्सीन का निर्माण किया और इस वैक्सीन को भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में भारत में सप्लाई करके पूरी दुनिया के लोगों का जीवन बचाया उन्होंने कहा कि महिला, कृषि युवा और मजदूर यह कल्याण और विकास को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्राथमिकता दिए हुए हैं और महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए उन्होंने पिछले 12 साल में जो योजनाएं और कार्य शुरू किए हैं। उनकी एक लंबी श्रृंखला है इसी तरह से राजस्थान में भी भजनलाल सरकार ने महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए सतत रूप से जो बड़े-बड़े कार्य किया और बड़ी-बड़ी योजनाएं शुरू की उससे राजस्थान में महिलाएं आत्मनिर्भर और स्वावलंबन की ओर तेजी से बढ़ रही है लेकिन नवीन ने पिछले दिनों 17 अप्रैल को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल के मंजूर नहीं होने पर कांग्रेस और विपक्षी दलों पर हमला बोला और कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दलों ने इस महत्वपूर्ण बिल को मंजूर नहीं होने दिया लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारी सरकार हर हाल में महिलाओं को उनका अधिकार और सम्मान दिलवाकर रहे, नितिन नवीन ने कहा कि राजस्थान की धरती पर आना सदैव गौरव और प्रेरणा का विषय रहा है।

## नितिन नवीन शानदार तरीके से पार्टी को संभाल रहे, भाजपा का कार्यकर्ता और भाजपा सरकार राष्ट्र प्रथम की भावना से करते हैं काम : सीएम

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ जयपुर और टोंक में आयोजित हर कार्यक्रम में नजर आए और हर कार्यक्रम को उन्होंने नितिन नवीन की जमकर प्रशंसा की और कहा कि नितिन नवीन बहुत ही शानदार तरीके से पार्टी को संभाल रहे हैं उन्होंने कहा कि यह हम सबके लिए गौरव का विषय है कि 45 साल की आयु में ही नितिन नवीन दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के अध्यक्ष बन गए उन्होंने कहा कि नितिन नवीन काफी मेहनती है और पूरी निष्ठा और समर्पित भाव से पार्टी की सेवा कर रहे हैं 25 साल में ही इन्होंने भाजपा के नीचे के संगठन से लेकर ऊपर तक के संगठन में पूरी मेहनत और समर्पित भाव से कार्य किया इसी का नतीजा है कि आज वे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नियुक्त हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने इन्हें जहां भी जिस भी जगह पर कार्य करने का अवसर दिया वहां नितिन नवीन ने उत्कृष्ट कार्य करके दिखाई और पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान की उन्होंने कहा कि पार्टी के युवा मोर्चा में रहते हुए भी लेकिन नवीन ने शानदार काम किया और पार्टी ने इन्हें जिस भी प्रदेश में जो भी जिम्मेदारी दी उस जिम्मेदारी को शानदार ढंग से निभाया और आज जयपुर में उनके आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के छोटे बड़े सभी नेताओं में गजब का उत्साह देखने को मिला है। भीषण गर्मी के बावजूद भी जिस तरह से भाजपा के कार्यकर्ता इनका स्वागत करने के लिए यहां आए हैं यह दिखाता है कि राजस्थान के पार्टी के कार्यकर्ता नितिन नवीन का कितना सम्मान और आदर करते हैं। टोंक में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पार्टी के नए कार्यकाल खुलने से पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं में नया जोश और उत्साह का संचार होता है और इससे पार्टी को मजबूती मिलती है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले सवा दो साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और निर्देशन में पानी, बिजली, सड़क, कृषि, शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, उद्योग, महिला और बाल विकास महिला सशक्तिकरण रोजगार कानून व्यवस्था इत्यादि सभी क्षेत्रों में शानदार कार्य किया है और हम रोड मैप तैयार करके प्रदेश का विकास कर रहे हैं उन्होंने कहा कि हम वर्तमान के साथ-साथ भविष्य को देखकर योजनाएं तैयार कर रहे हैं और उसी के अनुरूप कार्य कर रहे हैं ताकि हमारे आने वाली पीढ़ियां हमारी योजनाओं का फायदा उठा सके मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में हम दूरगामी सोच के आधार पर रोड मैप और योजनाएं तैयार करके विकास कर रहे हैं ताकि 2047 में राजस्थान देश में विकसित राज्यों की श्रेणी में टॉप पर हो मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश की जनता से भी आग्रह किया है कि वह अफवाह से बचें और किसी के बहकावे में नहीं आए तथा देश हित में काम करने वाली पार्टी के साथ जुड़कर देश का नवनिर्माण करें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में ओटीएस चौराहे पर आयोजित ग्राम विकास रथ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने विकसित वार्ड और विकसित ग्राम योजना जैसे बड़े कार्यक्रमों का शुभारंभ किया है जिनके माध्यम से प्रदेश की सभी ग्राम पंचायत का रोड मैप तैयार किया जा रहा है ताकि हर ग्राम पंचायत में पानी बिजली सड़क शिक्षा चिकित्सा जैसी आधारभूत सुविधाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है लोगों का जीवन खुशहाल हो प्रदेश के किसान और पशुपालक की इनकम में बढ़ोतरी हो एक खुशहाल गांव बने इसी संकल्प के आधार पर हम बड़े शहरों से लेकर छोटे शहर और गांव का विकास कर रहे हैं उन्होंने कहा कि ग्राम विकास रथ के माध्यम से प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्र में यह रथ गांव गांव जाएंगे और इन रथ के माध्यम से ग्रामीण, कृषक और पशुपालकों को खेती में हो रहे नए-नए बदलाव, आधुनिक खेती, जैविक खेती, बागवानी, फूड प्रोसेसिंग यूनिट, जमीनों का परीक्षण, पशुपालन, मछली पालन, मधुमक्खी पालन डेयरी प्रोजेक्ट इत्यादि के बारे में रथ में मौजूद कृषि विभाग के कर्मचारी और वैज्ञानिक ग्रामीण और किसानों से संवाद करके उन्हें खेती के बारे में उपयोगी जानकारी प्रदान करेंगे ताकि किसान और पशुपालक की इनकम में बढ़ोतरी हो सके और कृषि उत्पादन भी तेजी से बढ़ सके मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि अगले महीने 23 से 25 मई तक ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट का आयोजन किया जा रहा है यह आयोजन प्रदेश में खेती और किसानों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा इस आयोजन से विकसित खेती और विकसित किसान के बारे में कई नए विचार सामने आएंगे देश और दुनिया के कृषि क्षेत्र से जुड़े लोग इस कार्यक्रम में अपना व्याख्यान देंगे जो प्रदेश में कृषि को एक नई दिशा और गति प्रदान करेगा उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पानी और बिजली में बड़े-बड़े कार्य किए हैं और बड़े-बड़े निर्णय लिए हैं जिसकी वजह से प्रदेश का बिजली उत्पादन भी तेजी से बढ़ रहा है सौर ऊर्जा उत्पादन में हम पूरे देश में पहले नंबर पर हैं और बिजली में राजस्थान बहुत जल्दी ही आत्मनिर्भर भी बनने वाला है प्रदेश में अगले साल सभी जिलों में किसानों को दिन में बिजली देंगे उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और संकल्प को साकार करने की दिशा में हमारी सरकार की पूरी कोशिश है कि समाज में अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले इस दिशा में हम गरीब मजदूर किसान युवा महिला के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए हुए हैं इसके अलावा राइजिंग राजस्थान में हुए 35 लाख करोड़ के समझौते में 9 लाख करोड़ के समझौते धरातल पर आ गए हैं जिसमें कृषि क्षेत्र में भी 10000 करोड़ के समझौते धरातल पर आ गए हैं राइजिंग राजस्थान से प्रदेश में रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं जिसकी वजह से प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या भी तेजी से हल हो रही है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को सरकारी और निजी दोनों ही क्षेत्र में लगातार हर साल बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध करवा रही है ।



## ज्ञान भारतम् मिशन' के अंतर्गत जिले में किया जा रहा है ऐतिहासिक विरासत पांडुलिपियों के सर्वेक्षण एवं सूचीकरण का कार्य

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान सरकार के कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा राज्यभर में पांडुलिपि विरासत के संरक्षण और दस्तावेजीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। पर्यटन विभाग की उपनिदेशक डॉ. टीना यादव ने बताया कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के निर्देशन में संचालित 'ज्ञान भारतम् मिशन' के अंतर्गत मई माह तक की अवधि में पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, मंदिरों, मठों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों एवं निजी संग्राहकों के पास उपलब्ध प्राचीन एवं दुर्लभ पांडुलिपियों का सर्वेक्षण एवं सूचीकरण करना है, ताकि इस अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने आम नागरिकों, संस्थानों एवं निजी संग्राहकों से अपील की है कि वे अपने पास उपलब्ध पांडुलिपियों की जानकारी साझा कर इस राष्ट्रीय महत्व के अभियान में सहयोग करें। इसके लिए प्रथम चरण में ज्ञान भारत एप पर पांडुलिपि की जानकारी अपलोड की जा सकेगी।

## गर्मी व लू के चलते प्री प्राइमरी से कक्षा 8 तक के स्कूल समय में बदलाव

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान और लू (हीट वेव) के प्रभाव को देखते हुए जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अतुल प्रकाश ने आदेश जारी कर प्री प्राइमरी से कक्षा 8 तक के स्कूल समय में बदलाव किया। उन्होंने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए तथा मौसम विभाग के पूर्वानुमान एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी खैरथल-तिजारा के अनुरोध के आधार पर यह निर्णय लिया गया है कि जिले में संचालित सभी राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों में प्री प्राइमरी से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय समय दिनांक 28 अप्रैल 2026 से आगामी आदेशों तक प्रातः 7:30 बजे से 11:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह निर्णय बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। वहीं, कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ का विद्यालय समय यथावत रहेगा। उन्होंने बताया कि आदेश की अवहेलना करने वाले राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## जिले में प्रारंभ होगा ग्राम रथ अभियान आज से

### ग्राम रथों को मिनी सचिवालय से हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा रवाना

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि जिले में ग्राम रथ अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र की पांच विधानसभाओं यथा अलवर ग्रामीण, कठूमर, रामगढ़, थानागाजी एवं लक्ष्मणगढ़-राजगढ़ के लिए राज्य सरकार की कृषि, पशुपालन एवं ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु 5 रथों को 28 अप्रैल को प्रातः 8 बजे मिनी सचिवालय से हरी झंडी के दिखाकर रवाना किया जाएगा। जिला कलक्टर ने बताया कि प्रदेश के किसानों को तकनीकी रूप से उन्नत कृषि की ओर अग्रसर करने तथा कृषि क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जयपुर में 23 से 25 मई तक 'ग्राम-2026' का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए राज्य सरकार द्वारा जिले में 28 अप्रैल से 15 दिवसीय ग्राम रथ अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्रों में ग्राम रथों के माध्यम से राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ग्राम रथ द्वारा प्रतिदिन 4 से 5 ग्राम पंचायतों में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही लोक कलाकारों द्वारा कला जत्था के माध्यम से संध्या चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे योजनाओं की जानकारी जन-जन तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। अभियान के दौरान स्थानीय ग्रामीणों से सुझाव प्राप्त करने के लिए सुझाव पेटिका की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार किया जा सके। इसके अतिरिक्त, विभिन्न अवसरों पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संदेश एवं संवाद एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रसारित किए जाएंगे। उन्होने निर्देशित किया कि नोडल अधिकारी एवं सह-नोडल अधिकारी ग्राम रथों का रूट चार्ट अनुसार संचालन करवाकर प्रभावी क्रियान्वित सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान संपर्क पोर्टल पर संबंधित विधानसभा क्षेत्रों से जुड़े लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निस्तारण किया जाए। साथ ही, आवश्यक समर कंटीजेंसी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम रथ अभियान से जुड़े सभी 13 विभाग कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रतिदिन मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

## विकास रथ आज इन ग्राम पंचायतों में करेंगे जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार

जयपुर टाइम्स/अलवर

जिला कलक्टर ने बताया कि 28 अप्रैल को विधानसभा क्षेत्र रामगढ की ग्राम पंचायत चौरोटी पहाडी, केसरोली, ढाढोली, बहाला, एवं बगडमेव में, विधानसभा क्षेत्र थानागाजी की ग्राम पंचायत दुहार चौगान, भूडियावास, बसई जोगियान एवं द्वारापुर में, विधानसभा क्षेत्र अलवर ग्रामीण की ग्राम पंचायत कलसाडा, बरखेडा, पाला, सुमेल, खेडली पिचनोत एवं पुनखर में, विधानसभा क्षेत्र राजगढ-लक्ष्मणगढ की ग्राम पंचायत बहाली, फिरोजपुर, पलवा, ढीगावडा एवं भजेडा में तथा विधानसभा क्षेत्र कठूमर की ग्राम पंचायत तसई, इन्द्रा कॉलोनी, दयालपुरा, टीकरी एवं तुसारी में राज्य सरकार की कृषि, पशुपालन एवं ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित योजनाओं के प्रचार-प्रसार करेंगे।

### अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम ने ली सडक सुरक्षा समिति की बैठक

# संबंधित विभाग सडक दुर्घटनों की रोकथाम के लिए प्रभावी सुरक्षात्मक कदम उठाने के दिए निर्देश

### पीएम राहत योजनान्तर्गत सडक दुर्घटनाओं में पीडित व्यक्ति को सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में भी मिल सकेगा डेढ़ लाख रूपये तक का कैशलेस उपचार




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम बीना महावर की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम बीना महावर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय से जिले की सड़कों को और अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित विभाग आईरेड सर्वेक्षण के आधार पर चिन्हित 18 दुर्घटना संभावित बिंदुओं पर आवश्यक कार्यवाई कर रिपोर्ट प्रेषित करवाएं। उन्होंने गलत बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना का विस्तृत फीडबैक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों के लिए नियमिततौर पर सुरक्षात्मक कदम उठाते हुए अवैध कट्स को बंद कराने, सड़क पर साइनेज, येलो बार मार्किंग, रम्बल स्ट्रिप, मिरर व स्पीड ब्रेकर कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने प्रादेशिक परिवहन अधिकारी से ओवरलोडिंग, अनाधिकृत संचालन, फिटनेस उल्लंघन इत्यादि पर की गई कार्रवाई का फीडबैक लेकर निरंतर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**केंद्र सरकार की पीएम राहत योजना से सडक दुर्घटनाओं में पीडित व्यक्ति को मिल रहा है कैशलेस चिकित्सा उपचार**

अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम ने बताया कि सडक दुर्घटनाओं के पीड़ितों को तुरंत कैशलेस चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम राहत योजना (PM Road Accident Victims Hospitalization & Assured Treatment Scheme) प्रारम्भ की गई है, जिसके तहत सडक दुर्घटना में प्रति व्यक्ति को सूचीबद्ध निजी एवं सरकारी अस्पतालों में 1 लाख 50 हजार रूपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिनों तक उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। सामान्य मामलों में 24 घण्टे तक तत्काल स्थिरीकरण उपचार एवं गंभीर जीवन रक्षक मामलों में 48 घण्टे तक उपचार कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना में इमरजेंसी स्थिरीकरण, सर्जरी, आईसीयू देखभाल आदि चिकित्सा सेवाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पीएम राहत योजना में तकनीकी आधारित प्रणाली का उपयोग किया जाता है, जिसमें दुर्घटना की रिर्पोटिंग से लेकर अंतिम भुगतान तक पूरी प्रक्रिया डिजिटल और पेपरलेस रहती है।

उन्होंने बताया कि यह योजना सभी सडक दुर्घटना पीडितों पर लागू होती है, जिनमें चालक, यात्र, पैदल यात्र शामिल है, चाहे उनकी राष्ट्रीयता, आयु या आय कुछ भी हो। उन्होंने बताया कि यह योजना भारत की किसी भी श्रेणी की सडक यथा राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग, शहर की सडकों पर होने वाली दुर्घटनाओं पर लागू है। उन्होंने बताया कि कैशलेस उपचार के लिए पीडित को दुर्घटना के 24 घण्टे के भीतर सूचीबद्ध अस्पताल में भर्ती होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सडक दुर्घटना के पीडित व्यक्ति को उपचार निर्धारित अस्पतालों में दिया जाएगा, जिनमें आयुष्मान भारत के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पताल भी शामिल हैं। बैठक में पीडब्लूडी के अधीक्षण अभियंता भूरीसिंह, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रविंद्र जोशी, पीडब्ल्यूडी की अधिशाषी अभियंता अल्का व्यास, यूआईटी के अधिशासी अभियंता अशोक मदान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## बसंत मित्तल निर्वाचित हुए अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**अलवर/रांची(निसं.)।** रांची निवासी बसंत मित्तल अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी नारनौल निवासी गोपाल शरण गर्ग को 385 मतों से हराकर जीत दर्ज की। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक सिंघानिया ने बताया कि अग्रवाल समाज में राष्ट्रीय स्तर पर दो प्रमुख संस्थाएं–अग्रवाल सम्मेलन और अग्रवाल संगठन–कार्यरत हैं। हालिया चुनावों के बाद दोनों संस्थाएं राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल के सहयोग से एकजुट होकर समाज हित में कार्य करेंगी। इससे सामाजिक गतिविधियों और विकास कार्यों को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि प्रदीप मित्तल की प्रेरणा से खैरथल में निःशुल्क कंप्यूटर शिक्षा केंद्र संचालित किया जा रहा है, जिससे युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। इसी प्रकार देश के अन्य क्षेत्रों में भी संस्था के सहयोग से विभिन्न सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल ने कहा कि खैरथल-अलवर के अपने प्रथम दौरे के दौरान नवगठित खैरथल जिले के अग्रवाल समाज के लिए राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक कार्ययोजना की सौगात दी जाएगी तथा समाज के विकास में हरसंभव सहयोग किया जाएगा। बसंत मित्तल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर अलवर जिला अग्रवाल संगठन के जिलाध्यक्ष मुकेश मित्तल, पूर्व जिलाध्यक्ष रामबिलास गोयल, परमानंद अग्रवाल, महामंत्री अनिल अग्रवाल, मोहनलाल मित्तल, विजय अग्रवाल सहित खैरथल-तिजारा जिले के जिलाध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गर्ग (टीटू), पूर्व अध्यक्ष नरेश गर्ग, प्रमोद सिंघानिया, ओमप्रकाश गोयल, लालचंद गोयल, अभिषेक गोयल, महावीर प्रसाद गर्ग, दामोदरप्रसाद गोयल, पूरणचंद गर्ग एवं समस्त अग्रवाल समाज ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

## जरूरतमंद बेटी का किया कन्यादान, घरेलू सामान व उपहार भेंट

### नेक कमाई फाउंडेशन की अनूठी पहल— कन्यादान के साथ शिक्षा से जोड़ा अभियान




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से दिवाकरी में एक जरूरतमंद बेटी का कन्यादान कर समाज सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया गया। बेटी के पिता लकवाग्रस्त हैं और परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है। ऐसे में एक मई को प्रस्तावित विवाह को ध्यान में रखते हुए संस्था ने तत्काल घरेलू सामान व उपहार उपलब्ध कराए। संस्था अब तक 349 कन्यादान कर चुकी है। कार्यक्रम के दौरान 21 बेसहारा बेटियों को शिक्षण सामग्री भी वितरित की गई। यह पहल कन्यादान को शिक्षा से जोड़ने की अनूठी मिसाल बनी। कार्यक्रम की शुरुआत हिंदू महासभा के महामंत्री यश भार्गव, अल्का गुप्ता, रजनी खंडेलवाल, कमलेश खंडेलवाल, संगीता सिंह एवं रुबी वर्मा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। मुख्य कोऑर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि संरक्षक दौलत राम हजरती ने संस्था के विभिन्न प्रकल्पों की जानकारी देते हुए कहा कि अलवर शहर में दो सिलाई केंद्र तथा महिला सशक्तिकरण के लिए 'नारी सृजन स्किल डेवलपमेंट सेंटर' संचालित किए जाएंगे। इस अवसर पर बेटी को एलईडी, सिलाई मशीन, राशन, कपड़े सहित संपूर्ण घरेलू सामान भेंट किया गया। भावनात्मक माहौल में उपस्थित जनों ने बेटी के चरण धोकर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में संस्था की ओर से सुनीता शर्मा एवं अर्चना आमेरिया ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रतिभा सिंह, संगीता सिंह, ज्योति सेतिया, विमंदित स्कूल संचालिका पायल प्रधान, राजकुमार अदलकखा सहित अन्य वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। कन्यादान में प्रॉपर्टी डेवलपर सुशील गुप्ता, खानचंद चिमनी बाई हजरती स्मृति ट्रस्ट, डॉ. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट एवं नमस्ते गुरुजी का विशेष सहयोग रहा। संचालन सुनीता शर्मा ने किया तथा अंत में अर्चना आमेरिया ने आभार व्यक्त किया। समाजसेवी अलका गुप्ता ने कहा कि नेक कमाई फाउंडेशन अलवर में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय सेवा कार्य कर रहा है, जिससे जरूरतमंदों को सहारा मिल रहा है। वहीं रजनी खंडेलवाल ने कहा कि यह कन्यादान कार्यक्रम इस बात का प्रतीक है कि बेटियां केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी होती हैं।

# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिला कलक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सचिवालय में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें बजट घोषणाओं की क्रियान्विति एवं विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएमओ एवं सीएमओ कार्यालय से प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने पर बल दिया।



उन्होंने समर कंटिन्जेंसी वर्क के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया गया कि लंबित विद्युत कनेक्शनों को विद्युत विभाग के समन्वय से पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। जिला कलेक्टर ने शिक्षा विभाग एवं चिकित्सा विभाग को एचपीवी वैक्सीन के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए, तथा समन्वय करते हुए 14 वर्ष की बालिकाओं को टीका लगवाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए हीट वेव से बचने हेतु आमजन से अपील की कि अत्यधिक धूप में बाहर निकलने से बचें। यदि आवश्यक हो तो शरीर को पूरी तरह ढककर, हल्के रंग के ढीले एवं सूती वस्त्र पहनकर ही बाहर निकलें। लू के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत प्राथमिक उपचार कर निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने सभी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक के मरीजों हेतु आवश्यक तैयारी पूरी रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त पीएम जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विभागों को समयबद्ध रूप से प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने ग्राम रथ अभियान के अंतर्गत जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में रथों के सुचारू एवं प्रभावी संचालन के लिए संबंधित सभी 13 विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस दौरान प्रत्येक विभाग को स्पष्ट रूप से दायित्व सौंपे गए, ताकि अभियान का क्रियान्वयन समन्वित एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जा सके। अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना, जनसुविधाओं का विस्तार करना है। इसके लिए रथों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार, जागरूकता गतिविधियां एवं सभी ग्राम पंचायत में संध्या चौपाल आयोजित किए जाएंगे। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे आपसी समन्वय बनाए रखते हुए अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा निर्धारित लक्ष्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, उप पुलिस अधीक्षक लालचंद, सहायक निदेशक वेद प्रकाश सैनी, सार्वजनिक निर्माण विभाग अधीक्षण अभियंता ओमप्रकाश किराड, एसीएफ (वन विभाग) संजय चौधरी, संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग वीरेंद्र त्यागी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट, समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### राजपूत सभा का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

# डिजिटल ऐप से मजबूत होगा संगठन, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने पर दिया जोर - पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंह

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अंबेडकर नगर स्थित राजपूत सभा भवन में सोमवार को राजपूत सभा अलवर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने डिजिटल युग में सामाजिक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए डिजिटल ऐप के उपयोग को आवश्यक बताते हुए कहा कि संगठन के प्रत्येक पदाधिकारी और सदस्य को ऑनलाइन सक्रिय रहना होगा। उन्होंने फिल्मों में समाज विशेष की छवि को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि इतिहास में राजपूत समाज के संघर्षों को पर्याप्त




स्थान नहीं दिया गया, जबकि मुगलों और अंग्रेजों के खिलाफ उनके योगदान को नजरअंदाज किया गया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से अब समाज अधिक जागरूक हुआ है और किसी भी समाज को गलत तरीके से प्रस्तुत करने का विरोध कर रहा है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए युवरानी महिंद्रा कुमारी फाउंडेशन को 1 लाख रूपये की सहायता राशि प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक समाज का दायित्व है कि वह बेटियों की शिक्षा सुनिश्चित करे।इस अवसर पर विंग कमांडर मंगल सिंह, विजेंद्र सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह राठौड़, सूरजभान सिंह गौड़, महिपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह शेखावत, पृथ्वी सिंह चौहान, पृथ्वी सिंह नरूका और दीनदयाल सिंह सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

सभा अध्यक्ष गोपाल सिंह नरूका ने बताया कि नई एवं पुरानी टीम मिलकर समाज हित में कार्य करेगी और युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहेगी। समारोह में मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह एवं विधायक देवी सिंह शेखावत ने 21 सदस्यीय कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने पारंपरिक वेशभूषा–सफेद कुर्ता-पायजामा एवं केसरिया साफा–में आकर्षक उपस्थिति दर्ज कराई। सभा की ओर से भामाशाह, प्रतिभाओं एवं प्रबुद्धजनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

भीषण गर्मी के बावजूद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों, विशेषकर महिलाओं एवं छात्राओं की भागीदारी रही।

इस अवसर पर श्री राजपूत करणी सेना, श्री क्षत्रिय जन संसद, राजपूत शिक्षा समिति एवं जयपुर इकाई सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अलवर के संस्थापक राव राजा प्रताप सिंह की प्रतिमा जिला मुख्यालय पर स्थापित करने की मांग को लेकर पूर्व मंत्री जितेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही उन्हें राजवाड़ा कलेक्शन ठिकाना जमालपुर की ओर से तलवार, साफा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में एक जिलाध्यक्ष, एक महामंत्री, 10 संरक्षक, 7 उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष, 3 संयुक्त मंत्री, 2 संगठन मंत्री, 2 प्रचार मंत्री एवं 3 सदस्य शामिल हैं। मीडिया से जुड़े अवधेश सिंह को प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।

अंत में सभा अध्यक्ष गोपाल सिंह नरूका ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

## चांदी 1300 और सोना 300 रुपए महंगा, 251800 रुपए प्रति किलो बेची गई

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर सराफा बाजार में सोमवार को सोने और चांदी की कीमत में हल्की तेजी देखने को मिली सोमवार को चांदी की कीमत में 1300 और सोना की कीमत में 300 रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई इस तरह से सोमवार को चंडी जयपुर सराफा बाजार में 251800 रुपए प्रति किलो में बेची गई तथा सोना 155800 रुपए प्रति 10 ग्राम और जेवराती सोना 145700 रुपए प्रति 10 ग्राम के हिसाब से निर्धारित था जानकारी के अनुसार इन दिनों प्रदेश में शादियों का सीजन चल रहा है लेकिन सोने और चांदी के कारोबार में जिस तरह से पहले चमक देखी जाती थी उस तरह की चमक अभी देखने को नहीं मिल रही पिछले कुछ महीनो से जिस तरह से सोने और चांदी की कीमत में उतार-चढ़ाव के हालात लगातार और रोजाना बने रहे इसकी वजह से सोने और चांदी का कारोबार भी काफी प्रभावित हुआ है पहले जो लोग सोने और चांदी में इन्वेस्ट किया करते थे उनमें अधिकांश लोग अब सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने की जगह ह जमीन जायदाद और रियल स्टेट के कारोबार में इन्वेस्ट करने लगे हैं हालांकि जिनके घरों में शादियां होती है वे लोग जरूर यहां मजबूरी में सोने और चांदी के आभूषण खरीदने के लिए आते हैं उनमें भी ज्यादातर लोग ऐसे होते हैं जिनके पास पुरानी चांदी होती है वह लोग पुरानी चांदी को बेचकर उन पैसों में सोने और चांदी के आभूषण खरीद कर अपना काम चला लेते हैं इसके अलावा पहले लोग गिफ्ट देने में चांदी के सिक्के और चांदी की वस्तुएं ज्यादा उपयोग में लिया करते थे लेकिन चांदी की कीमत ज्यादा होने की वजह से अब लोग चांदी के सिक्के और चांदी की वस्तुएं कम खरीद रहे हैं इसलिए चांदी का कारोबार भी काफी प्रभावित हो रहा है कुल मिलाकर पहले जिस तरह से जयपुर सराफा बाजार में लोगों की बड़ी भीड़ देखने को मिलती थी आजकल वैसे भीड़ इस बाजार में देखने को नहीं मिलती इसलिए जयपुर सराफा बाजार से जुड़े लोग भी अपने कारोबार को लेकर ज्यादा खुश नहीं है ।

## कोटा एयरपोर्ट परिसर में सुखी झाड़ियां में लगी आग, दमकल की गाड़ियों ने आज को बुझाया

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के कोटा स्थित एयरपोर्ट परिसर में सुखी झाड़ियां में भीषण आग लग गई इसके बाद एयरपोर्ट प्रशासन से जुड़े अधिकारियों में खलबली मच गई अधिकारियों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग के अधिकारियों को सूचित किया इसके अलावा एयरपोर्ट प्रशासन ने अपने स्तर पर भी अपनी दमकल की गाड़ियों से आग बुझाने का प्रयास किया और कड़ी मशक्कत के बाद आगजनी पर काबू पा लिया गया जानकारी केअनुसार कोटा एयरपोर्ट परिसर में विशाल क्षेत्र में सुखी झाड़ियां मौजूद हैं जिसमें सोमवार को अचानक आग लग गई यह आग कैसे लगी इसके बारे में किसी के पास ठोस जानकारी नहीं है लेकिन कहा जा रहा है की झाड़ियां पूरी तरह से भीषण गर्मी से सूख गई थी इसलिए हो सकता है किसी के बीड़ी सिगरेट जलाने के दौरान माचिस की तिल्ली यहां फेंक दी गई हो जिसकी वजह से यह आग लगी हो या फिर और भी कारण हो सकते हैं फिलहाल आगजनी पर काबू पा लिया गया लेकिन सुखी झाड़ियां से थोड़ी ही देर में दूर-दूर तक एयरपोर्ट परिसर में धुआं और आग की लपटे देख कर एयरपोर्ट प्रशासन से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के चेहरे पर चिंता की लकीर छा गई थी लेकिन समय रहते दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया बताया गया है कि सोमवार को कोटा में धूल भरी आंधी और तेज हवा भी चल रही थी जिसकी वजह से सुखी झाड़ियां में आज लगातार तेजी से फैलती रही इसलिए दमकल विभाग के कर्मचारियों को आग बुझाने में काफी मेहनत करनी पड़ी ।

## नितिन नवीन का प्रदेश भाजपा के बड़े नेताओं के साथ महत्वपूर्ण संवाद : हर 5 साल बाद सरकार बदलने का सिलसिला इस बार टूटे

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीति नवीन ने सोमवार को प्रदेश भाजपा कोर कमेटी से जुड़े नेताओं के साथ सामूहिक संवाद किया इस बार राजस्थान में हर 5 साल में सरकार बदलने का सिलसिला तोड़ा जाए इस विषय को लेकर नितिन नवीन ने पार्टी के सभी बड़े नेताओं के साथ विस्तार से चर्चा की राजस्थान में पार्टी के संगठन को और कैसे मजबूती मिले तथा केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार के विकास कार्यों और उपलब्धियां के प्रचार प्रसार को और कैसे गति मिले इन सब विषयों को लेकर नितिन नवीन ने पार्टी के नेताओं के साथ चर्चा की बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ,प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ,केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, भूपेंद्र यादव, भागीरथ चौधरी, अर्जुन राम मेघवाल, प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया, पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह राठौड़, प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डॉ.सीपी जोशी और कोर कमेटी के अन्य सदस्यों के साथ सामूहिक चर्चा की इस महत्वपूर्ण बैठक में इस विषय पर सबसे ज्यादा गंभीरता से विचार विमर्श किया गया कि इस बार हर हाल में 5 साल में सरकार बदलने की परंपरा को रोकना होगा और आगामी विधानसभा चुनाव में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने इसके लिए अभी से सत्ता और संगठन की ओर से क्या-क्या कार्य किया जाना चाहिए क्या-क्या कदम उठाए जाने चाहिए इन सब विषयों को लेकर बैठक में मौजूद पार्टी के नेताओं ने आपस में अपने विचार शेयर किया और अपने सुझाव भी प्रकट किया बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पार्टी के सभी नेताओं को सामूहिक रूप से पूरी मेहनत के साथ पार्टी के संगठन को आगे देने के लिए प्रेरित किया और कहा कि पार्टी के नेता सोशल मीडिया के इस दौर में ऐसा कोई बयान नहीं दे जिसकी वजह से पार्टी की छवि पर विपरीत असर पड़े नितिन नवीन ने महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से फैलाई जा रहे भ्रम से निपटने के लिए भी पार्टी के नेताओं को गंभीरता से काम करने को कहाइस महत्वपूर्ण बैठक में नितिन नवीन ने आगामी पंचायत राज को नगर निकाय चुनाव के लिए भी पार्टी जनों को पूरी तरह से तैयार रहने को कहा और प्रदेश की भजनलाल सरकार के कार्यों को काफी अच्छा बताया लेकिन नितिन नवीन ने यह भी कहा कि जब तक केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार के कार्यों को उपलब्धियां को ठीक तरह से जनता के बीच प्रचारित नहीं किया जाएगा तब तक पार्टी को पूरा फायदा नहीं मिलेगा इसलिए सरकार की योजनाओं को शानदार और प्रभावी तरीके से प्रचार प्रचार करने के लिए संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेताओं को अपनी बड़ी भूमिका निभानी होगी।

## सूरजपोल चौराहे के पास डेढ़ साल के बच्चे की बॉडी मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैली

**जयपुर(कासं.)।** लेक सिटी उदयपुर के सूरजपोल चौराहे के पास सोमवार को डेढ़ साल के बच्चों की बॉडी मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक बच्चे की बॉडी को कब्जे में किया तथा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण भी किया, खबर लिखे जाने तक यह पता नहीं चल पाया था कि मृतक बच्चे के माता-पिता कौन हैं और बच्चे की मौत कैसे और किस तरह से हुई तथा यहां बच्चों की बॉडी को किसने रखा इन सब सवालों के जवाब पुलिस के पास नहीं थे पुलिस का कहना है कि फिलहाल बच्चे के माता-पिता की तलाश की जा रही है इसके लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे के आधार पर भी इस पूरे मामले की पुलिस छानबीन कर रही है यह मृतक बच्चा करीब डेढ़ साल का है इसलिए पुलिस का कहना है कि यह कोई अवैध संबंध का परिणाम तो नहीं हो सकता क्योंकि बच्चा नवजात नहीं है लेकिन जिस तरह से लावारिस अवस्था में छोटे से बालक की बॉडी मिली है यह कहीं ना कहीं पुलिस की जांच के लिए एक बड़ी चुनौती जरूर बन गई है पुलिस इस बात की भी जांच पड़ताल कर रही है कि कहीं ना कहीं या तो इस बच्चे का किसी ने किसी वजह से कहीं से अपहरण किया गया है और फिर उसे मौत के घाट उतारा गया है।

# राजस्थान विधानसभा को तीसरी बार बम से उडाने की धमकी मिली, पांच सिलिकॉन आरडीएक्स बम फटेंगे

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आज जयपुर में है और लेकिन नवीन के दौरे के बीच राजस्थान विधानसभा को तीसरी बार बम से उडाने संबंधी जानकारी दी गई राजस्थान विधानसभा सचिवालय को भेजे गए ईमेल में साफ लिखा गया है कि राजस्थान विधानसभा में पांच सिलिकॉन आरडीएक्स बम रखे हुए हैं यह कोई मजाक नहीं है जो फटेंगे, यह धमकी मिलने के बाद राजस्थान विधानसभा सचिवालय प्रशासन की ओर से शहर पुलिस को सूचित किया गया इसके बाद पुलिस के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे मौके पर ही डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते की टीम को भी बुलाया गया इसके अलावा फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को भी मौके पर तैनात किया गया करीब 3 घंटे तक राजस्थान विधानसभा परिसर में सर्च



अभियान को पुलिस ने अंजाम दिया राजस्थान विधानसभा के सभी कमरों और जगह पर पुलिस ने तलाशी अभियान और जांच पड़ताल को अंजाम दिया इस दौरान राजस्थान विधानसभा में नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों को विधानसभा की बिल्डिंग से बाहर कर दिया गया विधानसभा में बम होने की सूचना मिलने के बाद राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली विधानसभा भवन पहुंचे लेकिन सुरक्षा का हवाला देकर पुलिस अधिकारियों ने उन्हें राजस्थान विधानसभा के अंदर प्रवेश करने नहीं दिया जूली ने पत्रकारों से कहा कि अंदर कुत्ते बम ढूंढ रहे हैं और हम यहां छाया ढूंढ रहे हैं करीब 3 घंटे तक सर्च अभियान को अंजाम देने के बाद पुलिस को मौके पर कहीं भी किसी भी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नजर नहीं आई इसके बाद पुलिस ने राजस्थान विधानसभा परिसर को पूरी तरह से सुरक्षित करार दिया पुलिस ने राजस्थान विधानसभा के बाहर भी जांच पड़ताल की लेकिन कहीं भी किसी भी तरह की कोई भी आपत्तिजनक वस्तु पुलिस को नहीं मिली । गौरतलब है कि पिछले कुछ महीनो से राजधानी जयपुर सहित पूरे प्रदेश में कई शहरों में सरकारी इमारत, जिला अदालत, यहां तक की हाई कोर्ट,जिलाधीश कार्यालय इत्यादि को एक बार नहीं बल्कि कई बार बम से उडाने की ईमेल एड्रेस के माध्यम से धमकियां दी गई है लेकिन यह सब धमकियां पूरी तरह से फर्जी निकली यहां तक की मुख्यमंत्री कार्यालय और मुख्यमंत्री निवास को भी इस तरह की धमकियां दी गई लेकिन यह सभी धमकियां अब तक पूरी तरह से बकवास निकली है बड़ी बात यह है कि इन सभी मामलों में पुलिस की जांच अंतिम नतीजे तक नहीं पहुंची है जिसकी वजह से धमकी देने वाले लोग पुलिस की पकड़ यह सभी धमकियां अब तक पूरी तरह से बकवास निकली है बड़ी बात यह है कि इन सभी मामलों में पुलिस की जांच अंतिम नतीजे तक नहीं पहुंची है जिसकी वजह से धमकी देने वाले बदमाश पुलिस की पकड़ में नहीं आ पा रहे हैं लेकिन पहले प्रदेश के कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा था कि इस तरह की धमकियां देश से बाहर से आ रही है इसलिए पुलिस की जांच अंतिम नतीजे तक ठीक तरह से नहीं पहुंच पा रही फिर भी पुलिस लगातार इन मामलों की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है ।

## बहन के प्रेमी ने युवक की गर्दन काट डाली, आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी लोगों के कई मकानों को जला डाला

**जयपुर टाइम्स**



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बांसवाड़ा जिले के मोटागांव थाना इलाके के टामटिया गांव में एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका के भाई की हत्या कर दी इसके बाद मृतक युवक के परिजनों और ग्रामीणों में जोरदार गुस्सा छा गया इसके बाद मृतक युग के परिजनों और आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी लोगों के मकान के आग लगा दी कई कच्चे मकानों को जला दिया गया इसकी वजह से दोनों पक्षों के बीच आपस में हिंसक गतिविधियों की वजह से इलाके में तनाव व्याप्त हो गया इस दौरान मौके पर पहुंची तो ग्रामीणों ने पुलिस पर भी पत्थर किया और पुलिस को गांव में नहीं घुसने दिया बाद में मामले की गंभीरता को देखते हुए बड़ी संख्या में मौके पर पुलिस बल बल तैनात किया गया है तथा जिले के सभी बड़े पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और दोनों ही पक्षों के लोगों के साथ बातचीत करके माहौल को शांत करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन इलाके में सोमवार दोपहर तक भी तनाव के हालात बने हुए थे और सैकड़ो लोग संबंधित पुलिस स्टेशन के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे हालांकि इस मामले में युवक की हत्या करने वाले तीन आरोपी लोगों को पुलिस में हिरासत में भी लिया है लेकिन स्थिति अभी काफी नाजुक बनी हुई है जानकारी के अनुसार टामटिया गांव निवासी गोविंद पर रविवार की रात अलग-अलग बाइक पर सवार करीब सात आठ बदमाशों ने अचानक हमला बोल दिया और गोविंदा की गर्दन काट डाली जिसकी वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई इस हत्याकांड के बाद मृतक के परिजनों और पूरे गांव के लोगों में गहरा आक्रोश छा गया ग्रामीणों ने तुरंत ही आरोपी लोगों के कच्चे मकान पर हमला बोल दिया और कई मकानों को आगे के हवाले कर दिया जिसकी वजह से मौके पर काफी टेंशन के हालात पैदा हो गए और दोनों ही पक्ष के लोग आमने-सामने हो गए और एक दूसरे पर पथराव किया और कई मकानों के आग लगा देने की वजह से पूरे गांव में दहशत छा गई इस दौरान सूचना मिलने के बाद पुलिस जब मौके पर पहुंची तो गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस की गाड़ी पर भी पथराव किया जिसकी वजह से पुलिस कर्मियों को बैक फुट पर होना पड़ा लेकिन हालात बिगड़ते हुए देखकर मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने अतिरिक्त पुलिस बल मंगवाया और फिर पूरे इलाके में बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए तथा दोनों पक्षों के लोगों को समझने का प्रयास भी किया गया लेकिन इस घटना से पूरी रात गांव में सन्नाटा छाया रहा और तनाव कैसे हालात बन रहे सोमवार की सुबह ही बड़ी संख्या में मृतक युवक के परिजन और ग्रामीण पुलिस स्टेशन के सामने एकत्रित हो गए हालांकि पुलिस ने युवक की हत्या के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है और बाकी लोगों की तलाश भी की जा रही है लेकिन इस घटना से आसपास के पूरे इलाके में रहने वाले लोगों के चेहरों पर चिंता की लकीर छाई हुई है जानकारी के अनुसार आरोपी लोगों में एक युवक के मृतक गोविंदा की बहन से प्रेम संबंध थे जो झगड़ा का सबसे बड़ा कारण बना ।

## रेल मंत्रालय की रेल यात्रियों को पुरस्कार जीतने का दिया अवसर, 31 जुलाई तक भेज सकते हैं पोस्ट

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा रेलकर्मियों सहित आमजन के रेल यात्रा संबंधी अनुभव प्राप्त करने और उन अनुभवों के आधार पर रेल सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना अखिल भारतीय स्तर पर प्रचलित है। इस योजना का उद्देश्य हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना भी है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) द्वारा सभी भारतीय नागरिकों के लिए हिंदी भाषा में रेल यात्रा वृत्तांत योजना-2026 के तहत रेल यात्रा के सम्बंधी अनुभव आमंत्रित किए जा रहे हैं जिसमें हिंदी में लिखित सर्वोत्तम रेल यात्रा वृत्तांतों के विजेताओं को पुरस्कार के रूप में राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिए जाने का प्रावधान है,प्रथमपुरस्कार (एक)10,000/-रू,द्वितीय पुरस्कार (एक) 8,000/- रू, तृतीय पुरस्कार (एक)6,000/- रू,प्रेरणा पुरस्कार (पांच)4,000/- रू (प्रत्येक) निर्धारित किया गया है यात्रा वृत्तांत हिंदी भाषा और मौलिक होना चाहिए तथा न्यूनतम 3000 शब्दों एवं अधिकतम 3500 शब्दों तक होना चाहिए। जिसे डबल स्पेस में टाइप किया हुआ चारो तरफ कम से कम एक इंच का हाशिया छोड़ा हुआ हो और पृष्ठ संख्या अंकित हो। शब्दों की कुल संख्या भी स्पष्ट रूप से लिखी जानी चाहिए। साथ ही अपने वृत्तांत के साथ एक अलग पृष्ठ पर अपना नाम, पदनाम, आयु, पता, मातृभाषा, मोबाइल नंबर और ई-मेल जरूर भेजें। इस योजना में भाग लेने वाले इच्छुक केन्द्र व राज्य सरकार के कार्यरत् कर्मियों को इस आशय का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उनके विरूद्व कोई अनुशासनात्मक मामला लम्बित नहीं है। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को घोषणा पत्र में यह भी उल्लेख करना होगा कि संबंधित रेल यात्रा वृत्तांत मेरी मौलिक रचना है, इसे किसी अन्य पुरस्कार योजना के अन्तर्गत पुरस्कृत नहीं किया गया है। प्रतियोगी अपनी प्रविष्टि दो प्रतियों में बदामी 31 जुलाई तक सहायक निदेशक, हिंदी (प्रशिक्षण ), कमरा नं. 316, कॉफमो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आईटीओ, नई दिल्ली-110002 पर भिजवा सकते है।

## जयपुर पासपोर्ट कार्यालय में सीकर पासपोर्ट कार्यालय को बमसे उडाने की दी गई सूचना, पुलिस ने की जांच पड़ताल ओर ली तलाशी

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर पासपोर्ट कार्यालय में सीकर पासपोर्ट कार्यालय को बम से उडाने की धमकी दी गई जिसके बाद सीकर पुलिस के अधिकारी सीकर स्थित पासपोर्ट कार्यालय में पहुंचे और मौके पर डॉग स्क्वायड, बामनिरोधक दस्ते को भी बुलाया गया तथा काफी देर तक सीकर पासपोर्ट कार्यालय में तलाशी अभियान को अंजाम दिया गया पुलिस ने मौके पर मौजूद सभी लोगों को पासपोर्ट कार्यालय से बाहर जाने को कहा और फिर पासपोर्ट कार्यालय और पासपोर्ट कार्यालय के बाहर के इलाके में सगन जांच पड़ताल और तलाशी ली गई लेकिन पुलिस को कहीं पर भी कुछ भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली इसके बाद पुलिस ने सीकर पासपोर्ट कार्यालय को पूरी तरह से सुरक्षित करार दिया सीकर पासपोर्ट कार्यालय को पहले भी बम से उडाने की धमकी दी जा चुकी है लेकिन पहले भी यह धमकी पूरी तरह से फर्जी निकली थी और रविवार को भी जो धमकी दी गई वह पूरी तरह से बकवास निकली फिलहाल जयपुर पासपोर्ट कार्यालय में सीकर पासपोर्ट कार्यालय में बम होने जो सूचना आई है उसकी जांच पड़ताल की जा रही है सीकर पासपोर्ट कार्यालय में मौजूद लोगों ने पत्रकारों को बताया कि लगातार पिछले कई महीनो से बम होने की फर्जी सूचनाओं से पुलिस और प्रशासन का कीमती समय तो बर्बाद होता ही है इसके अलावा लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है सीकर में पासपोर्ट कार्यालय में आए लोगों ने बताया कि काफी देर तक पुलिस का पासपोर्ट दफ्तर में तलाशी लेती रही जिसकी वजह से मौके पर किसी भी तरह का कार्य नहीं हो पाया इसलिए काफी दूर दराज के इलाकों से लोग यहां पर सोमवार को अपना पासपोर्ट संबंधी कार्य करवाने के लिए आए थे ।

## एक दोस्त की मौत की खबर सुनकर दूसरे दोस्त ने भी थोड़ा दम, स्कूल में साथ-साथ स्टडी की और व्यापार में भी नाम कमाया

**जयपुर टाइम्स**




**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के पाली जिले में बाली इलाके में एक दोस्त की मौत की खबर सुनकर दूसरे दोस्त की अचानक तबियत बिगड़ गई और उसकी भी मौत हो गई दोनों दोस्तों के बीच आपस में बचपन से ही गहरा लगाव और एक दूसरे के प्रति पूरा आदर करते थे दोनों की दोस्ती की चर्च गांव से लेकर मुंबई में भी हुआ करते थे क्योंकि दोनों ने स्कूल कॉलेज की पढ़ाई साथ-साथ की और फिर बिजनेस भी किया दोनों के संबंध बचपन से लेकर बुढ़ापे तक रहे और अब जीवन के अंतिम विदाई में भी ग्रामीणों ने दोनों का साथ-साथ अंतिम संस्कार किया जी हां पाली जिले के बाली इलाके में रविवार की सुबह 68 साल के धनराज की मौत हो गई थी जब मौत की खबर इसी गांव में रह रहे 74 साल केतेजराज को मिली तो उनकी भी तबीयत बिगड़ गई और कुछ भी घंटे में उनकी भी मौत हो गई इस तरह से दोनों दोस्तों ने एक ही दिन इस दुनिया से विदाई ली है और इसीलिए ग्रामीणों ने दोनों दोस्तों का एक साथ अंतिम संस्कार किया धनराज और तेजराज की अंतिम विदाई में इलाके के लोग बड़ी संख्या में अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में शामिल हुए अंतिम संस्कार में शामिल लोग भी दोनों के व्यवहार, कामकाज और दोनों के बीच गहरी दोस्ती की चर्चा करते हुए नजर आए जानकारी के अनुसार धनराज और देवराज दोनों ही मुंबई भी गए और वहां दोनों ने कारोबार किया कारोबार के दौरान भी दोनों के बीच आपस में गहरे रिश्ते बन रहे और दोनों की दोस्ती बुढ़ापे के दिनों में भी गहरी से गहरी होती रही जिसकी चर्चा लोग अंतिम संस्कार में भी करते रहे ।

## नितिन नबीन के नेतृत्व में संगठन को मिली नई दिशा, कार्यकर्ताओं में जोश और विश्वास का संचार- कर्नल राज्यवर्धन राठौड़

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन एक दिवसीय दौरे पर जयपुर आए। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद यह उनका पहला राजस्थान दौरा है, जिसे लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजन में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के जयपुर आगमन पर जेडीए सर्किल पर केबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में शाही स्वागत किया गया। जेडीए सर्किल पर कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के साथ झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत आयोजन में भाग लेकर माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया। झोटवाड़ा से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की मौजूदगी ने आयोजन को जनउत्सव का रूप दे दिया। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन, ऊर्जा और संगठनात्मक एकजुटता स्पष्ट रूप से देखने को मिली। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में तैयारियां सुव्यवस्थित और प्रभावी रहीं। इस मौके पर प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह एवं नितिन नबीन के नेतृत्व में सामूहिक रूप से 2047 के विजन को



लेकर प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, केबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ सहित प्रदेश भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन ' विकसित भारत और विकसित राजस्थान' को साकार करने के लिए केंद्रीय नेतृत्व के साथ मिलकर विकास की राह पर मजबूती से आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। सोमवार को जेडीए सर्किल पर राज्यवर्धन सिंहराठौड़ के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी इसके प्रत्यक्ष उदाहरण के तौर पर नजर आई। राठौड़ के नेतृत्व में क्षेत्रीय स्तर पर संगठन को मजबूत करने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने और जनता से सीधा संवाद बढ़ाने की दिशा में स्पष्ट रोडमैप नजर आया।

# दलित, नाबालिग बालक पर पुलिसिया बर्बरता मानवीय संवेदनाओं की हत्या, भाजपा राज में रक्षक ही बने भक्षक : टीकाराम जूली

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भिवाड़ी के झिवाना निवासी नाबालिग दलित बालक लोकेश के साथ पुलिस द्वारा की गई अमानवीय मारपीट की घटना पर गहरा रोष व्यक्त किया है। जूली ने इस मामले को अत्यंत गंभीर और चिंताजनक बताते हुए कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था का इकबाल पूरी तरह खत्म हो चुका है और पुलिस की कार्यप्रणाली अब बर्बरता की सीमाएं लांघ रही है। जूली ने अत्यंत मार्मिक स्वर में कहा कि एक दलित और वो भी नाबालिग बच्चे के साथ ऐसी बर्बरता इंसानियत के नाम पर बड़ा धब्बा है जिसे कोई भी सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता। क्या यही सरकार का सुशासन है जिसका ढोल मुख्यमंत्री पीटते हैं ? नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि लोकेश को पुलिस ने जिस निर्दयता के साथ पीटा है वह किसी भी सभ्य समाज के लिए कलंक है। वर्तमान में वह मासूम बालक अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। उन्होंने दुःख जताते हुए कहा कि एक तरफ बच्चा मौत के मुहाने पर खड़ा है, वहीं दूसरी तरफ पुलिस प्रशासन संवेदनहीनता की पराकाष्ठा पार कर पीड़ित परिवार पर दबाव बनाने में जुटा है। दलित परिवार की रिपोर्ट तक दर्ज न करना यह दर्शाता है कि सत्ता के संरक्षण में न्याय का गला घोंटा जा रहा है। जूली ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के शासन में दलितों, गरीबों और महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं अब रोजमर्रा की बात हो गई हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से सीधा सवाल किया कि क्या प्रदेश में यही न्याय की परिभाषा रह गई है? नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस सरकार के ऐतिहासिक निर्णयों को याद दिलाते हुए कहा कि हमने यह सुनिश्चित किया था कि प्रदेश में हर पीड़ित की सुनवाई हो, जिसके लिए अनिवार्य प्राथमिकी का नियम लागू किया गया था। उस समय स्पष्ट प्रावधान था कि यदि थाना स्तर पर सुनवाई न हो, तो सीधे एसपी कार्यालय में प्राथमिकी दर्ज कराई जा सकती है। यह फैसला विशेष रूप से दलितों, महिलाओं और समाज के कमजोर वर्गों को सुरक्षा देने के लिए लिया गया था। जूली ने कहा कि वर्तमान सरकार ने इन जनहितैषी नियमों को ठंडे बस्ते में डाल दिया है जिसका नतीजा यह है कि गरीब की कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। नेता प्रतिपक्ष ने भारत सरकार के गृह मंत्रालय के चौंकाने वाले आंकड़ों का हवाला देते हुए सरकार को घेरा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 से 15 मार्च 2026 के बीच राजस्थान में हिरासत में 18 मौतें दर्ज की गई हैं जो बिहार के बाद पूरे देश में सर्वाधिक हैं। जूली ने कहा कि यह प्रदेश के लिए अत्यंत शर्मनाक है कि सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाली पुलिस की कस्टडी में इतनी बड़ी संख्या में जान जा रही है। नेता प्रतिपक्ष ने जानकारी दी कि उन्होंने इस प्रकरण के संबंध में भिवाड़ी एसपी से वार्ता कर मामले की गंभीरता से अवगत कराया है। जूली ने पीड़ित बालक लोकेश के परिजनों से फोन पर बात कर उन्हें सांत्वना दी और विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी इस कठिन समय में उनके साथ चट्टान की तरह खड़ी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस अमानवीय कृत्य में शामिल दोषियों के खिलाफ अविलंब कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

## सम्पादकीय

### दो-तिहाई का खेल और दलबदल कानून की घटती प्रासंगिकता



देश के राजनीतिक परिदृश्य में एक दल को छोड़ कर दूसरे में शामिल होने को लोकतांत्रिक अधिकार के तौर पर देखा जाता है। मगर सच यह भी है कि जब जनप्रतिनिधियों ने सिद्धांतों के बजाय सुविधा के मुताबिक पार्टी बदलने को एक आम चलन बनाना शुरू कर दिया, तब इस पर लगाम लगाने की जरूरत पड़ी और इसी क्रम में दल-बदल विरोधी कानून अस्तित्व में आया। विडंबना यह है कि इस कानून के लागू होने के बावजूद अलग-अलग कारणों का हवाला देकर विधायकों या सांसदों के पाला बदलने या दूसरी पार्टियों में शामिल होने के मामले आए दिन सामने आते रहे हैं। मगर इस बार आम आदमी पार्टी से जुड़े राज्यसभा के सात सांसदों ने जिस तरह अपने दल को छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने की घोषणा की है, उसने एक बार फिर राजनीति में नैतिकता और दल-बदल कानून की प्रासंगिकता पर बहस छेड़ दी है। गौरतलब है कि राज्यसभा में आप के दस सांसद थे। उनमें से राघव चड्ढा सहित सात सांसदों ने पार्टी छोड़ दी। उनका मानना है कि चूंकि अलग होने वाले सांसदों की संख्या दो-तिहाई की कसौटी पर पूरी है, इसलिए दल-बदल विरोधी कानून के तहत यह गलत नहीं है। संभव है कि आप छोड़ कर भाजपा में शामिल होने वाले इन नेताओं के लिए सिर्फ कानून के प्रावधानों पर खरा उतरना ही किसी कार्रवाई से बचने के लिए काफी है, लेकिन सवाल है कि क्या केवल तकनीकी तौर पर सही होकर ही खुद को नैतिकता की कसौटी पर भी उचित मान लिया जा सकता है! खैर, आम आदमी पार्टी की ओर से संबंधित सातों सांसदों को अयोग्य घोषित करने की मांग करने की बात कही गई है। हवाला यह दिया गया है कि दल-बदल कानून में राज्यसभा और लोकसभा में किसी भी प्रकार का विभाजन या गुटबंदी करने पर स्पष्ट तौर पर मनाही की गई है, भले ही वहां दो-तिहाई बहुमत हो। जाहिर है, आप के नेता अब दल-बदल से संबंधित कानूनी बारीकियों के मुताबिक कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं। मगर यह देखने की बात होगी कि इस मसले पर मान्यता का मुद्दा उठने पर अंतिम फैसला क्या आता है। एक सवाल अपना दल छोड़ कर सांसदों के भाजपा में शामिल होने और पार्टी के रूप में विलय से जुड़े संदर्भ का भी उठेगा। हालांकि पिछले कुछ समय से राघव चड्ढा की राजनीतिक सक्रियता जिस तरह उलझी हुई दिख रही थी, उसके मद्देनजर पहले से ही उनके पार्टी से बाहर होने की संभावना जताई जा रही थी। मगर उनके साथ जिस तरह छह अन्य नेताओं ने पार्टी छोड़ी है, उसे लेकर राजनीतिक हलके में थोड़ी हैरानी जताई जा रही है। देश की राजनीति में बिना किसी सैद्धांतिक आधार के सुविधा के मुताबिक पार्टी बदलने की प्रवृत्ति और इसके सहारे सरकारों की स्थिरता के प्रभावित होने के हालात को रोकने के लिए दल-बदल कानून बनाया गया था। मगर पिछले कुछ वर्षों से इस कानून के तहत मिली छूट का लाभ उठा कर कई राज्यों में जिस तरह सरकारें बदली गईं, उसमें कहीं भी सैद्धांतिक कसौटी का ख्याल रखना जरूरी नहीं समझा गया। ऐसे अनेक मामले सामने आए, जिसमें सिर्फ परिस्थितियों का लाभ उठाने के लिए विचारधारात्मक प्रतिबद्धता के सवाल को दरकिनार कर दिया गया और ऐसे नेताओं के लिए दल-बदल कानून कोई बाधा नहीं बना। इसी क्रम में आप के सात सांसदों के भाजपा में शामिल होने पर फिर यह सवाल उठा है कि आखिर दल-बदल कानून की प्रासंगिकता क्या रह गई है।

# नक्सलवाद पर निर्णायक जीत

*आंकड़े इस सफलता की पुष्टि करते हैं। 2013 में जहां 126 जिले नक्सल प्रभावित थे, वहीं 2026 में यह संख्या शून्य हो गई है। यानी हथियारबंद नक्सलवाद लगभग समाप्त हो चुका है। बड़े हमलों में भारी गिरावट आई है, जबकि गिरफ्तारी और आत्मसमर्पण के मामलों में तेजी आई है। यह न केवल सुरक्षा सफलता है, बल्कि नक्सली ढांचे के विघटन का संकेत है। फिर भी यह समझना जरूरी है कि 'विचारों को खत्म करना आसान नहीं होता।' सशस्त्र आंदोलन भले ही लगभग समाप्त हो चुका हो, लेकिन उससे जुड़ी विचारधारा विभिन्न रूपों में अभी भी मौजूद है। कई बार इसे राज्य के दमन के खिलाफ वैध प्रतिरोध के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जिससे कुछ वर्गों में सहानुभूति बनी रहती है। यही आगे की चुनौती है। माओवादी विचारधारा अब केवल जंगलों तक सीमित नहीं रही। यह शहरी क्षेत्रों, विश्वविद्यालयों, सांस्कृतिक मंचों, थिएटर और डिजिटल माध्यमों के जरिए भी प्रसारित हो रही है। कई बार इन मंचों पर नक्सल आंदोलन को भावनात्मक रूप से प्रस्तुत किया जाता है और राज्य की वैधता पर सवाल उठाए जाते हैं। यह एक व्यापक और परतदार प्रभाव तंत्र है, जो बिना किसी केंद्रीकृत संरचना के भी सक्रिय बना रहता है। डिजिटल मीडिया ने इन विचारों को तेजी से फैलाने में अहम भूमिका निभाई है*
*, खासकर युवाओं के बीच। युवा वर्ग भावनात्मक और वैचारिक प्रभावों के प्रति अधिक*



लगभग छह दशक पहले एक उग्र किसान आंदोलन के रूप में शुरू हुआ नक्सलवाद, जो देश की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों में से एक बन गया था, अब निर्णायक रूप से समाप्ति की ओर पहुंच चुका है। सशस्त्र नक्सली आंदोलन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित कर लिया गया है और देश ने इस चुनौती पर बड़ी जीत हासिल की है। हालांकि, इसकी वैचारिक जड़ें अभी भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई हैं, जो आगे की सबसे बड़ी परीक्षा हैं। नक्सल आंदोलन की शुरुआत 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी विद्रोह से हुई, जहां किसानों के आंदोलन ने माओवादी विद्रोह को जन्म दिया। 1969 में चारु मजूमदार के नेतृत्व में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के गठन ने इसे संगठित रूप दिया।

1970 के दशक में सरकारी कार्यवाही , आंतरिक मतभेद और नेतृत्व की कमी के कारण यह आंदोलन कमजोर पड़ गया। बाद में 1980 और 1990 के दशक में पीपुल्स वार ग्रुप और माओवादी कम्युनिस्ट सेंटर जैसे संगठनों के जरिए यह फिर उभरा। 2004 में इनका विलय होकर (माओवादी) बना, जिसके बाद 2005 से 2010 के बीच हिंसा अपने चरम पर पहुंची और देश के कई हिस्सों को 'रेड कॉरिडोर' कहा जाने लगा। आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। जो कभी देश की 'सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती' था, वह अब सीमित क्षेत्रों तक सिमट चुका है। सरकार के ठोस प्रयासों, सुरक्षा बलों की रणनीतिक कार्रवाई और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति के चलते नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार हुआ है।

आंकड़े इस सफलता की पुष्टि करते हैं। 2013 में जहां 126 जिले नक्सल प्रभावित थे, वहीं 2026 में यह संख्या शून्य हो गई है। यानी हथियारबंद नक्सलवाद लगभग समाप्त हो चुका है। बड़े हमलों में भारी गिरावट आई है, जबकि गिरफ्तारी और आत्मसमर्पण के मामलों में तेजी आई है। यह न केवल सुरक्षा सफलता है, बल्कि नक्सली ढांचे के विघटन का संकेत है। फिर भी यह समझना जरूरी है कि 'विचारों को खत्म करना आसान नहीं होता।' सशस्त्र आंदोलन भले ही लगभग समाप्त हो चुका हो, लेकिन उससे जुड़ी विचारधारा विभिन्न रूपों में अभी भी मौजूद है। कई बार इसे राज्य के दमन के खिलाफ वैध प्रतिरोध के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जिससे कुछ वर्गों में सहानुभूति बनी रहती है। यही आगे की चुनौती है।

माओवादी विचारधारा अब केवल जंगलों तक सीमित नहीं रही। यह शहरी क्षेत्रों, विश्वविद्यालयों, सांस्कृतिक मंचों, थिएटर और डिजिटल माध्यमों के जरिए भी प्रसारित हो रही है। कई बार इन मंचों पर नक्सल आंदोलन को भावनात्मक रूप से प्रस्तुत किया जाता है और राज्य की वैधता पर सवाल उठाए जाते हैं। यह एक व्यापक और परतदार प्रभाव तंत्र है, जो बिना किसी केंद्रीकृत संरचना के भी सक्रिय बना रहता है। डिजिटल मीडिया ने इन विचारों को तेजी से फैलाने में अहम भूमिका निभाई है, खासकर युवाओं के बीच। युवा वर्ग भावनात्मक और वैचारिक प्रभावों के प्रति अधिक संवेदनशील होता है, जिससे ये कथानक तेजी से फैलते हैं और कई बार तथ्यों से ज्यादा प्रभावी साबित होते हैं। अब जब सुरक्षा बलों ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापित कर दी है, सरकार के सामने अगली बड़ी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करने की है कि विकास और सुशासन का लाभ इन क्षेत्रों तक लगातार पहुंचे। सड़कों, स्कूलों, स्वास्थ्य सेवाओं और डिजिटल कनेक्टिविटी का विस्तार केवल विकास नहीं, बल्कि विश्वास निर्माण का माध्यम है।

आर्थिक पुनरुद्धार भी उतना ही आवश्यक है। स्थानीय बाजार, रोजगार और आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देना इन क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ता है और स्थायी शांति को मजबूत करता है। 2026 के बाद की रणनीति में केवल सुरक्षा पर ध्यान देना पर्याप्त नहीं होगा। शांति को स्थायी बनाने के लिए समावेशी शासन, स्थानीय संवेदनशीलता और प्रभावित समुदायों के साथ निरंतर संवाद आवश्यक होगा। सुरक्षा-केंद्रित दृष्टिकोण से आगे बढ़कर सेवा-आधारित शासन मॉडल अपनाना होगा, ताकि उन मूल कारणों को दूर किया जा सके जिनका कभी नक्सली विचारधारा ने फायदा उठाया था। इसके साथ ही, तथ्यों पर आधारित जन-चर्चा को बढ़ावा देना और नक्सल हिंसा के पीड़ितों को समान महत्व देना जरूरी है। युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम उन्हें रोजगार के अवसर देकर कट्टरपंथ से दूर रखने में सहायक हो सकते हैं। नक्सलवाद के खिलाफ भारत की प्रगति उल्लेखनीय रही है। जो कभी देश की सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौती थी, वह अब सीमित कानून-व्यवस्था की समस्या बनकर रह गई है।


लेकिन यह संघर्ष पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। अंतिम लड़ाई जंगल और जमीन की नहीं, बल्कि विचारों की है। यदि इस वैचारिक तंत्र को प्रभावी ढंग से चुनौती नहीं दी गई, तो यह आंदोलन नए रूप में फिर उभर सकता है।

# होर्मुज बना आर्थिक युद्ध का अखाड़ा

*ईरानी नेताओं के बीच आपसी झगड़े की बात को गत सप्ताह की इन अफवाहों से भी बल मिला कि समझौता वार्ताओं में ईरान का नेतृत्व कर रहे मोहम्मद गलीबाफ मुख्य प्रतिनिधि के पद से इस्तीफा दे दिया है। इसकी वजह वार्ताओं की दिशा को लेकर रेवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल अहमद वहीदी के साथ गहराते मतभेद बताई गई। बताया जा रहा है कि पहले दौर की बातचीत में कतर ने खाड़ी देशों के 20 जहाजों के बदले ईरान के 20 जहाजों को होर्मुज से रास्ता देने का प्रस्ताव रखा था। गलीबाफ उसके पक्ष में थे, लेकिन रेवोल्यूशनरी गार्ड ने उसे रोक दिया। तब से उनके और ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद और मजलिस के कट्टरपंथी सदस्यों के बीच तीखी बयाबाजी चल रही है। उनके साथ-साथ विदेश मंत्री अब्बास अराघजी को भी होर्मुज को खोलने के बयान और वार्ताओं के समर्थन में दिए कुछ बयानों की वजह से आड़े*

राजनीतिक परिवर्तन और ईरान का निरस्त्रीकरण करने के घोषित उद्देश्यों से शुरू किए अमेरिका के युद्ध को ईरान ने बड़ी चतुराई से आर्थिक जंग में बदल दिया है और होर्मुज जलमार्ग इस जंग का अखाड़ा बन गया है। ईरान को अपनी शर्तें मानने पर विवश करने के लिए उसकी सभ्यता मिटाने और पाषाण युग में पहुंचाने जैसी धमकियां देने वाले राष्ट्रपति ट्रंप को अपना अंदाज बदलना पड़ा है। उनके बड़बोलेपन और धमकियों से नाराज ईरान ने दूसरे दौर की शांति वार्ता के लिए अनिच्छा दिखाई। इसके बाद ट्रंप को पहले अपने युद्धविराम की सीमा अनिश्चित काल के लिए बढ़ानी पड़ी और फिर लेबनान और इजरायल के युद्धविराम को भी आगे बढ़ाना पड़ा।

ट्रंप का कहना है कि पाकिस्तानी फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उनसे अनुरोध किया था कि जब तक ईरान के प्रतिनिधि आपसी झगड़ा निपटाकर कोई साझा प्रस्ताव लेकर नहीं आते तब तक हमले रोक लें। ट्रंप ने कहा भी कि ईरान को वार्ता के लिए नेता तय करने में बेहद कठिनाई हो रही है। जंग में बुरी तरह हार रहे कट्टरपंथी और व्यवहारवादी नेताओं के बीच आपसी लड़ाई छिड़ गई है। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी पहले दौर की बातचीत के अनुभव के आधार पर इसकी पुष्टि की है। ईरानी नेताओं के बीच आपसी झगड़े की बात को गत सप्ताह की इन अफवाहों से भी बल मिला कि समझौता वार्ताओं में ईरान का नेतृत्व कर रहे मोहम्मद गलीबाफ मुख्य प्रतिनिधि के पद से इस्तीफा दे दिया है। इसकी वजह वार्ताओं की दिशा को लेकर रेवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल अहमद वहीदी के साथ गहराते मतभेद बताई गई। बताया जा रहा है कि पहले दौर की बातचीत में कतर ने खाड़ी देशों के 20 जहाजों के बदले ईरान के 20 जहाजों को होर्मुज से रास्ता देने का प्रस्ताव रखा था। गलीबाफ उसके पक्ष में थे, लेकिन रेवोल्यूशनरी गार्ड ने उसे रोक दिया। तब से उनके और ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद और मजलिस




के कट्टरपंथी सदस्यों के बीच तीखी बयाबाजी चल रही है। उनके साथ-साथ विदेश मंत्री अब्बास अराघजी को भी होर्मुज को खोलने के बयान और वार्ताओं के समर्थन में दिए कुछ बयानों की वजह से आड़े हाथों लिया जा रहा है। मतभेदों की इन अफवाहों को रोकने के लिए राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान को एक बयान जारी करना पड़ा, जिसमें उन्होंने मतभेदों का खंडन करते हुए नेताओं के बीच फौलादी एकता की बात की। ट्रंप ने हवाई हमलों से ईरान के परमाणु और मिसाइल तंत्र, वायुरक्षा प्रणाली और नौसेना को तो काफी हद तक नष्ट कर दिया, मगर रेवोल्यूशनरी गार्ड और बसीज के तंत्र को और सत्ता पर उसके शिकंजे को ढीला नहीं कर पाए। बमबारी से मची तबाही के कारण जो लोग मुल्लाशाही के विरोध में थे, वे भी अब उसका समर्थन करने लगे हैं। बिजली और पानी के संयंत्रों और पुलों को नष्ट करने से अमेरिका और इजरायल के प्रति रोष और भड़क सकता था और यदि बदले में ईरान खाड़ी के देशों के जल और तेल संयंत्रों पर हमले करता तो पूरे खाड़ी क्षेत्र में हाहाकार मच सकता था। शायद यही सोचकर ट्रंप ने ईरान की आय का मुख्य स्रोत बंद करने के लिए होर्मुज की नाकेबंदी की है। यह चाल उन्होंने जनरल मुनीर की राय पर इस उम्मीद से चली है कि आर्थिक तंगी से या तो ईरान बातचीत के लिए विवश हो जाएगा या फिर आपसी फूट से वहां सत्तापलट हो जाएगा। हालांकि यह चाल तो ईरान को हवाई हमलों से बर्बाद किए बिना भी चली जा सकती थी। जेनेवा वार्ताओं में ईरान परमाणु संवर्धन बंद करने के लिए लगभग तैयार हो गया था। होर्मुज की नाकेबंदी करके उसे मिसाइल कार्यक्रम रोकने और आतंकी गुटों का समर्थन बंद करने के लिए भी तैयार किया जा सकता था। आलोचकों का कहना है कि ट्रंप ने जैसी भूल अपने मित्र नेतन्याहू के कहे में आकर ईरान पर चढ़ाई करके की थी शायद वैसी ही भूल वे अपने चहेते जनरल मुनीर के बरगलाने में होर्मुज की नाकेबंदी से कर रहे हैं।

# ट्रंप पर एक और हमला

अमेरिकी राष्ट्रपति की उपस्थिति वाले एक विशिष्ट आयोजन में गोलीबारी की घटना ट्रंप की सुरक्षा व्यवस्था में चूक को तो रेखांकित करती ही है, अमेरिका में व्याप्त और खतरनाक होती जा रही बंदूक संस्कृति की ओर भी फिर से ध्यान खींचती है। यह संतोष की बात है कि इस गोलीबारी में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ और एक सुरक्षाकर्मी हमलावर की गोली लगने के बाद भी इसलिए बच गया, क्योंकि वह बुलेटप्रूफ जैकेट पहने था, लेकिन यह घटना इसलिए कहीं अधिक ध्यान आकृष्ट करती है, क्योंकि यह उसी वाशिंगटन डीसी के हिल्टन होटल में घटी, जिसमें राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन को गोली मारकर घायल कर दिया गया था। यह सामान्य बात नहीं कि राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति,



उनके वरिष्ठ सहयोगियों और व्हाइट हाउस कवर करने वाले पत्रकारों की उपस्थिति वाले कार्यक्रम में कोई गोलीबारी करने में सक्षम हो जाए। व्हाइट हाउस के पत्रकारों के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति के डिनर के इस वार्षिक कार्यक्रम में वैसी ही गहन सुरक्षा व्यवस्था होती है, जैसी अमेरिकी हवाई अड्डों पर होती है। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम को सबसे सुरक्षित आयोजनों में से एक के रूप में जाना जाता है, लेकिन वहां भी सुरक्षा में सेंध लग गई। हालांकि राष्ट्रपति ट्रंप अपने सुरक्षाकर्मियों की सजगता की उचित ही प्रशंसा कर रहे हैं, लेकिन सुरक्षा अधिकारियों को इसकी तह में तो जाना ही होगा कि आखिर हमलावर उनके सुरक्षा घेरे को कैसे भेद गया? वैसे तो हमलावर की पहचान हो गई है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन फिलहाल यह स्पष्ट नहीं कि उसका इरादा क्या था? हैरानी नहीं कि वह अमेरिका में उपजी राजनीति कटुता से पनपे विषाक्त माहौल से प्रभावित ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ट्रंप को उनकी रीति-नीति के चलते निशाना बनाना चाहता हो। ध्यान रहे इसके पहले भी पिछले दो वर्षों में ट्रंप को कम से कम दो बार ऐसे ही लोग मारने की कोशिश कर चुके हैं। एक घटना में तो हमलावर की गोली उनके कान को छूती हुई निकल गई थी। वाशिंगटन के हिल्टन होटल की घटना यह भी बताती है कि अमेरिका में आसानी से बंदूक खरीदने और रखने का जो अधिकार है, उस पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। विडंबना यह है कि अमेरिका में बंदूक संस्कृति के चलते रह-रहकर हिंसा की घटनाएं होती ही रहती हैं, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप इस संस्कृति पर लगाम लगाने के पक्षधर नहीं। उलटे वे हथियार रखने की आजादी के प्रबल समर्थकों में से एक हैं।

## कहानी

### चिड़ियों के पंख

एक बादशाह था। उसकी सात लड़कियाँ थीं। वो उन सातों से बेहद मुहब्बत करता था और उन के हर आराम का ख़्याल रखता था।

एक बार जब दस्तर-ख़्वान सजा हुआ था वो सब लोग साथ खाने पर बैठे थे बादशाह ने अपनी बेटियों से एक सवाल पूछ लिया। कि तुम लोग मुझे कितना चाहती हो।

बड़ी शहज़ादी ने कहा, 'बाबा मैं आपको गुलाब जामुन की तरह चाहती हूँ।' बादशाह ने खुश हो कर उसको चार गाँव दे दिए।

दूसरी ने कहा, 'मैं आपको बर्फ़ी की तरह चाहती हूँ।' बादशाह ने उसको काफ़ी बड़ा इलाक़ा बख़्श दिया।

तीसरी लड़की ने कहा, 'मैं आपको इमरती की तरह चाहती हूँ।' उसको भी बादशाह ने बहुत ज़मीन जायदाद दे दी।

इसी तरह वो सबसे पूछता गया और सबको माल-ओ-दौलत मिलती रही। सातवीं लड़की से जब बादशाह ने पूछा बेटी तुम मुझे कितना चाहती हो तो उसने बहुत प्यार से कहा।

'बाबा मैं आपको नमक के बराबर चाहती हूँ। '

ये सुनकर बादशाह को जलाल आ गया। कहने लगे, 'सब मुझे इतना चाहते हैं तुम नमक के बराबर। वो बहुत नाराज़ हुए और छोटी बेटी को महल से निकाल दिया और कहा अब कभी यहाँ क़दम न रखना।

वो जंगल की तरफ़ चली गई और पत्तों और लकड़ियों को मिला कर एक झोपड़ी बना कर वहाँ रहने लगी। भूक लगती तो फल खा लेती सूखे पत्तों का बिस्तर बना कर सो जाती। एक दिन जब वो सोकर उठी तो देखा कि रंग-बिरंगी चिड़ियों के पर हर तरफ़ बिखरे पड़े हैं उसने उन परों को जमा किया और एक छोटी सी पंखिया बना ली (छोटा पंखा जो हाथ से झल सकते हैं) और गर्मी में उसी पंखिया से हवा कर लेती थी फिर दूसरे दिन उसको और पर मिल गए उसने बहुत सारे पर इकट्ठा किए और कई पंखियाँ बना लीं और जंगल के कनारी सड़क के पास जाकर बैठ गई अपना चेहरा चादर से ढाँप लिया। लोग आते गए और पंखियाँ ख़रीदते गए इतनी ख़ूबसूरत पंखिया उन्होंने कभी नहीं देखा था। अब तो भीड़ सी लगी रहती। एक बार एक शहज़ादे का उधर से गुज़र हुआ उसने इतने ख़ूबसूरत पंखे कभी नहीं देखे थे सारे ख़रीद लिए, फिर शहज़ादी से पूछा तुम कौन हो। उसने कोई जवाब नहीं दिया। उसके ख़ूबसूरत हाथ बता रहे थे कि उसने कभी काम नहीं किया था पंखिया बनाने में उसकी उंगलियाँ ज़ख़्मी थीं। शहज़ादा उसके पीछे जंगल आ गया और जब उसको पता चला की वो शहज़ादी है और सज़ा काट रही है तो बहुत ग़म-ज़दा हुआ।

वो अपनी सलतनत पर वापिस गया और वालदैन से सारा माजरा कह सुनाया। उन लोगों को भी दुख हुआ और वो अपने बेटे की बारात जंगल लेकर आ गए। दोनों की शादी हो गई मगर शहज़ादी अपने वालिद को बहुत याद करती थी वो खुश नहीं रहती थी।

एक दिन उसने शहज़ादे से कहा कि वो अपने वालदैन की दा'वत करना चाहती है और उनसे मिलना चाहती है।

शहज़ादे ने ज़बरदस्त दावत का इंतिज़ाम किया और बादशाह को दावत दी। शहज़ादी ने कहा सारा इंतिज़ाम आप देखिए मगर अपने वालदैन और बहनों के लिए खाना मैं खुद तय्यार करूँगी।

सारे मेहमान आ गए कई दस्तर-ख़्वान एक साथ लगे और बादशाह और शहज़ादियों के लिए अंदर इंतिज़ाम किया गया।

वो जब खाना खाने बैठे तो उनकी बेटी सामने आकर बैठ गई। उसने नक़ाब पहन रखा था।

जब बादशाह ने पहला निवाला लिया तो खाने में नमक नहीं था। दूसरी डिश निकाली... वो भी बग़ैर नमक के थी तब उनको बहुत गुस्सा आया कि मुझे बुला कर यूँ बग़ैर नमक का खाना खिलाया गया। तब छोटी शहज़ादी ने अपनी नक़ाब हटाई और कहा...

'बाबा... मैं आपको नमक के बराबर चाहती हूँ... यही कहा था मैंने। नमक के बग़ैर किसी चीज़ में लज़्ज़त नहीं होती। '

# स्काउट्स एंड गाइड्स केंप का समापन आज



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** कस्बे के सांगानेर रामसिंहपुरा मे हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य, जिला मुख्यालय जयपुर के तत्वाधान में सात दिवसीय कब मास्टर फ्लोक लीडर बेसिक कोर्स का समापन आज होगा। यह आयोजन 22 अप्रैल से श्री हनुमते हनुमान मंदिर रामसिंहपुरा सांगानेर में किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन रामकृष्ण टीचर ट्रेनिंग कॉलेज की प्राचार्य प्रतीक्षा शर्मा की ओर से ध्वजारोहण कर किया गया। जिला ऑर्गेनाइजर स्काउट मुकेश कुमार सैनी ने बताया कि कैम्प के दौरान संभागीयो को अनुशासन, दिशा ज्ञान, गांठे, व्यायाम, लेआउट, ध्वज शिष्टाचार, लीडरशिप, सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अलग अलग थीम पर प्रस्तुतियां देना आदि सिखाया जा रहा है। सहायक शिविर संचालक रूपेश कुमार मीणा ने बताया कि शिविर के दौरान स्काउट प्रभारी अजीत चौधरी, महिमा सैनी प्रकाश बेरवा आयुष जांगिड़ और मंदिर पुजारी तथा ग्रामीणों के साथ मिलकर परिंदा अभियान व पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# माखन चोरी की लीला सुनकर श्रद्धालु भावविभोर



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** नगर पालिका के निकट महाजन पंचायत भवन में आयोजित भागवत कथा के पांचवें दिन सोमवार को कथावाचिका पं रजनीश्वरी मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और प्रेम की महिमा का ऐसा वर्णन किया। इस दौरान पूरा पंडाल में नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारे लगाए गए। ?कथा व्यास मिश्रा ने मुख्य प्रसंग माखनचोरी लीला का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान का माखन चुराना केवल एक बाल क्रीड़ा नहीं, बल्कि भक्तों के हृदय को चुराने की लीला है। उन्होंने कहा कि माखन निर्मल मन का प्रतीक है और भगवान केवल उसी हृदय में वास करते हैं जो माखन की तरह कोमल और स्वच्छ हो। उन्होंने जीवन में प्रेम के महत्व पर प्रकाश डाला। ईश्वर न तो धन से मिलते हैं और न ही पांडित्य से; वे केवल सच्चे प्रेम और अटूट भक्ति के वशीभूत होते हैं। जिस जीवन में प्रेम नहीं, वह मरुस्थल के समान है। इस अवसर पर माखनचोरी की सजीव झांकी सजाई गई। कथा समापन के बाद पूनम बालिका महाविद्यालय, मण्डावा की प्राचार्या नीतू ढ़ाका, निदेशक प्रवीण बगड़िया की ओर से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान राजकुमार सिंघानिया, मीनू जोशी, पिंकी झुंझुनूंवाला, लक्ष्मी देवड़ा, उमा, सरोज मोदी,उषा सैन, राजूदेवी बागोंरिया, विद्या, कमला, भंवरी सैनी, बबीता तुनवाल, विद्या घोडेला, गायत्री सिरस्वा, सुशीला सैनी, संगीता टेलर, संजू मिटावा, सरोज तुनवाल, सरोज सिंघानिया, उमा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अन्त में लुमास के संजय शर्मा ने सभी का आभार जताया।

# मोहिनी एकादशी पर नंदी सेवा का अनूठा आयोजनः आस्था, संस्कार और सेवा का संगम



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** शहर के श्री गोपाल नंदी शाला में मोहिनी एकादशी पर आस्था, सेवा और संस्कार का अद्भुत संगम देखने को मिला। डॉ. भावना शर्मा व सपना राणासरिया के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के प्रिय वाहन नंदी की सेवा कर पुण्य अर्जित किया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने नंदी को भोग अर्पित कर अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और सनातन परंपराओं के संरक्षण का संकल्प लिया। समाजसेवी व भाजपा नेता महेश बसावतिया ने बताया कि इस अवसर पर अयोध्या से पधारे संत श्री धर्मदास महाराज का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। संत महाराज ने अपने प्रवचनों में गौमाता, नंदी और सनातन धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह परंपराएं भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। उनके ओजस्वी विचारों को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम में यह भी घोषणा की गई कि आगामी समय में एक मई से शहर के चुना चौक स्थित रामलीला मैदान में भव्य रामकथा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा और नंदी सेवा के इस पुनीत कार्य को नगरवासियों ने सराहनीय पहल बताया।

राजस्थान–सरकार
कार्यालय नगरपरिषद चूरू (राज0)
राजकीय डेडराज भरतिया अस्पताल के पास, चूरू :– 331001
दूरभाष :– 01562–250318 ई–मेल :– npchuru@gmail.com
क्रमांक :– न.प.चूरू/विकास शाखा/2026–27/21754049 दिनांक :– 23.04.2026
ई–निविदा सूचना 05 वर्ष 2026–27
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से नगरपरिषद, द्वारा 04 कार्यों की निविदा आईडी नम्बर DLB2627A0846 आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in पर तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगरपरिषद चूरू के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकता है।
UBN Code :- DLB2627WSOB02416, 02417, 02418, 02419
राज.संवाद/सी/26/1557 आयुक्त, नगरपरिषद, चूरू

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला कलक्टर ने दिए निर्देश





जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** बिजली, पानी, मौसमी बीमारी सहित अन्य प्रमुख बिन्दुओं की समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में हुआ। बैठक में उन्होंने गर्मी के मौसम के मद्देनजर जिले वासियों को मौसमी बीमारियों और पेयजल की समस्या से प्रभावी रूप से निपटने के लिए सभी अधिकारी को सजगता और संवेदनशीलता के साथ अपने कार्यों को करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना से कार्य करते हुए जिले के ग्रामीण ने एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल एवं विद्युत सप्लाई निर्बाध बनाए रखते हुए आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता से निराकरण करना सुनिश्चित करें। पीएचईडी विभाग के अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों में सभी आवासीय एरिया में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए आवश्यकता पड़ने पर टैंकरों से पानी की उपलब्धता कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध कनेक्शनों के खिलाफ नियमित अभियान चलाए तथा नवीन कनेक्शनों को समय पर जारी करें। जल जीवन मिशन में कार्यों को गति देते हुए खोदी गई सड़कों की गुणवत्ता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का समय पर निरीक्षण कर फीडबैक लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने से विद्युत सप्लाई में व्यवधान आने पर शीघ्र दुरूस्त कराई जाए। उन्होंने ढीले तारों को टीम बनाकर कर ठीक कराने घरेलू व कृषि कनेक्शनों के लिए आवश्यक सामग्री निर्धारित समय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने चिकित्सा विभाग को आमजन की समस्याओं का निराकरण करने, प्रत्येक चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिधत करने के निर्देश दिए। उन्होंने हीटवेव से बचाव के लिए समय-समय पर एडवाइजरी जारी करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्साकर्मियों को आमजन से निरन्तर सम्पर्क बनाये रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सा संस्थानों में हीटवेव से बचाव की आवश्यक दवाएं, ओआरएस घोल का पर्याप्त स्टॉक रखें तीमारदारों के लिए छाया, पानी तथा वार्डों में पंखे, कूलर, एसी को दुरुस्त रखें। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में सभी स्टाफ संवेदनशीलता से कार्य कर समय की पालना सुनिश्चित करें। बैठक में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, जिला स्तरीय जनसुनवाई व प्रतिदिन जनसुनवाई में प्राप्त लंबित परिवादों की विभागवार समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए। साथ ही न्यूज पेपर कटिंग्स पर भी चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सरकार को मंशा के अनुसार पेयजल, विद्युत आपूर्ति बनाए रखकर आमजन को निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने, चिकित्सा सेवाओं को उपलब्धता करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, सहायक निदेशक लोक सेवाएं बंशीधर योगी सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बालाजी धाम में आस्था का महापर्व- 43 दिन तक 108 किलो दूध से अभिषेक

## जनकल्याण की कामना में जुटे श्रद्धालु



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** झोटवाड़ा रीको एरिया स्थित शालीमार चौराहे के बड़ पिपली बालाजी धाम में इन दिनों आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यहां जनकल्याण और सर्वजन सुख की कामना को लेकर 43 दिवसीय विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन 108 किलो दूध से बालाजी महाराज का अभिषेक किया जा रहा है। महंत प्रमेन्द्र नाथ के सानिध्य में 16 अप्रैल से प्रारंभ हुआ यह भव्य अनुष्ठान 28 मई तक निरंतर चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ सवा लाख राम नाम जप और 24 घंटे अखंड हवन किया जा रहा है। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दी जा रही आहुतियां वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर रही हैं। धाम से जुड़े सर्वेश्वर शर्मा ने बताया कि अनुष्ठान की अवधि में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। भक्तगण बालाजी महाराज के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की प्रार्थना कर रहे हैं। रविवार को शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे तक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कैंसर सहित विभिन्न गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। श्रद्धालुओं ने बालाजी के समक्ष रोगमुक्ति की प्रार्थना कर भाव-विभोर वातावरण बना दिया। इस अवसर पर जयपुर प्रांत प्रचारक बाबूलाल ने भी धाम पहुंचकर दूध से अभिषेक किया और महंत प्रमेन्द्र नाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया। अनुष्ठान में घुमंतू जाति उत्थान न्यास के महानगर संयोजक राकेश कुमार शर्मा, समाजसेवी उद्योगपति नागरमल अग्रवाल, नरेंद्र सिंह, रामसिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे। हजारों श्रद्धालुओं ने नारियल अर्पित कर अपनी आस्था व्यक्त की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। दर्शन, पूजा और प्रसाद वितरण के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं तथा स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। पूरे आयोजन के दौरान सुबह से देर रात तक धार्मिक गतिविधियों का क्रम जारी है, जिससे धाम का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियानः गर्भवतियों की जांच, हाई-रिस्क मामलों पर विशेष फोकस



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जिले में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत चिकित्सा संस्थानों पर विशेष शिविर आयोजित कर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की व्यापक जांच की गई। अभियान के दौरान उच्च जोखिम (हाई-रिस्क) वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उनका उपचार शुरू किया गया, साथ ही उन्हें पोषण युक्त आहार और सुरक्षित मातृत्व से जुड़ी जरूरी जानकारी दी गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (जयपुर द्वितीय) डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की विस्तृत जांच की गई। इस दौरान 'मां वाउचर योजना' के अंतर्गत सोनोग्राफी के लिए वाउचर भी वितरित किए गए, जिससे समय पर जांच सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि एनीमिया से पीड़ित गर्भवती व धात्री महिलाओं को उपचार के रूप में फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज इंजेक्शन लगाए गए, जिससे शरीर में आयरन की कमी को तेजी से दूर किया जा सके। साथ ही आईएफए (आयरन-फोलिक एसिड), कैल्शियम व अन्य आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। अभियान के दौरान महिलाओं के रक्तचाप, शुगर स्तर, हीमोग्लोबिन, वजन, लंबाई, रक्त जांच, एचआईवी जांच तथा गर्भस्थ शिशु के हृदय स्पंदन सहित विभिन्न जरूरी परीक्षण किए गए। चिकित्साकर्मियों ने गर्भवती महिलाओं को स्वयं और गर्भ में पल रहे शिशु की देखभाल के संबंध में आवश्यक परामर्श भी दिया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने महिलाओं को संतुलित और पोषणयुक्त आहार लेने के लिए जागरूक किया तथा नियमित जांच और समय पर उपचार के महत्व को समझाया।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस तरह के अभियान का उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान जटिलताओं को कम करना, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना और सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देना है। जिलेभर में यह अभियान नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा है।

# पैकेट टेंडर की जांच करवाने की मांग


**जयपुर टाइम्स/सुजानगढ़(नि.सं.)।** भाजपा के पूर्व नगर मंडल मंत्री राजकुमार तंवर ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजकर नगरपरिषद की ओर से 22 जनवरी 2026 को करवाए गए पैकेट टेंडर की जांच करवाए जाने की मांग की है। ज्ञापन में राजकुमार तंवर ने बताया है कि इस पैकेज टेंडर में कुछ फर्मों ने सरकार की दर से 40 प्रतिशत कम दरों पर टेंडर लिए हैं। जिसके कारण धरातल पर गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं हो रहे हैं। अतः इन कार्यों की गहनता से सार्वजनिक निर्माण विभाग के ईमानदार अधिकारी से निष्पक्ष जांच करवाई जाए और दोषी पाये जाने पर सम्बंधित लोगों पर कार्यवाही की जाए।

# बच्चों को स्टील बोतल, फ्रूटी व शैक्षणिक सामग्री वितरित

**राजलदेसर(निस)।** पांचीलाल की पंचम पुण्यतिथि के अवसर पर उनके परिजनों की ओर से सराहनीय सामाजिक पहल करते हुए राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, वार्ड नंबर 16 राजलदेसर में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उपयोगी सामग्री वितरित की गई। पांचीलाल की पुत्रवधु पुष्पा देवी सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने बच्चों को पानी पीने के लिए स्टील की बोतलें, ठंडा पेय फ्रूटी, बिस्किट एवं पेंसिल वितरित की। इस सेवा कार्य से विद्यालय में बच्चों के चेहरे खिल उठे और खुशी का माहौल नजर आया। संस्था प्रधान प्रकाश जाट ने परिवार के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर नोरतमल टोकसिया, गणपत टोकसिया, जितेंद्र टोकसिया, श्यामसुंदर टोकसिया, योगेश प्रजापत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता देवी, कुक कम हेल्पर धन्नी देवी, भिखी देवी, अध्यापिका मंजू वर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# 400 दुकानों से गुलजार रहा सांभरलेक का बड़ा बाजार आज वीरान, ताले, सन्नाटा और टूटती उम्मीदें





जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** ऐतिहासिक, धार्मिक और नमक नगरी के रूप में देशभर में पहचान रखने वाले सांभरलेक का कभी सबसे व्यस्त और समृद्ध माना जाने वाला बड़ा बाजार आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। जहां कभी ग्राहकों की भीड़, सोने-चांदी की चमक और व्यापार की चहल-पहल रहती थी, वहीं अब सन्नाटा, बंद दुकानों पर लटके ताले और मायूस बैठे गिने-चुने व्यापारी नजर आते हैं। नकाशा मोहल्ले के पास माताजी के चबूतरे से लेकर पुराने एसडीएम कोर्ट परिसर तक फैला यह बाजार कभी शहर की आर्थिक धड़कन हुआ करता था। सड़क के दोनों ओर करीब 400 दुकानों से सजा यह इलाका अब सिमटकर ऐसा रह गया है कि मुश्किल से 30-40 दुकानें ही नियमित खुलती हैं। कई भवन जर्जर हो चुके हैं और अधिकांश दुकानें वर्षों से बंद पड़ी हैं।

## स्वर्णिम दौरः जब दूर-दूर से उमड़ते थे ग्राहकः

रियासतकाल में जोधपुर रियासत के अधीन रहने वाला यह बाजार सोने-चांदी और जवाहरात के व्यापार के लिए खास पहचान रखता था। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, यहां करीब 70 प्रतिशत दुकानें ज्वेलर्स की थीं। किशनगढ़, रूपनगढ़, परबतसर, नावां-कुचामन, नरैना, दूदू, फागी, मौजमाबाद, मालपुरा, जोबनेर और कालवाड़ सहित कई क्षेत्रों से लोग खरीदारी के लिए यहां आते थे। उस दौर में सोने-चांदी की वस्तुओं की घड़ाई भी यहीं होती थी और सैंकड़ों बंगाली कारीगर इस बाजार की पहचान थे। इतना ही नहीं, बाजार की ऐतिहासिक बनावट और जीवंतता के कारण यहां दिल्ली-6 सहित कई फिल्मों की शूटिंग भी हो चुकी है।

## पतन की शुरुआतः फैसलों ने छीन ली रौनक

व्यापारियों के अनुसार, इस बाजार की गिरावट की शुरुआत वर्ष 2000 में हुई, जब पुरानी धानमंडी को हटाकर कॉलेज रोड स्थित नई कृषि मंडी में स्थानांतरित कर दिया गया। इसके बाद वर्ष 2015-16 में पुरानी तहसील और कोर्ट परिसर को भी राजपथ स्थित नई इमारत में शिफ्ट कर दिया गया। इन दोनों बड़े बदलावों ने बाजार की रौनक को पूरी तरह खत्म कर दिया। जहां पहले रोजाना हजारों लोगों की आवाजाही होती थी, वहां अब दिनभर सन्नाटा पसरा रहता है।

## रोजगार पर असरः सैंकड़ों व्यापारियों का पलायन

ग्राहकों की कमी का सीधा असर रोजगार पर पड़ा। धीरे-धीरे सैंकड़ों व्यापारी इस बाजार को छोड़कर कोलकाता, जयपुर, अजमेर और किशनगढ़ जैसे शहरों में बस गए। स्थानीय स्तर पर भी कई व्यापारियों ने गोला बाजार, न्यू मार्केट और तेली दरवाजा रोड जैसे क्षेत्रों में अपनी दुकानें स्थानांतरित कर लीं। इससे बड़ा बाजार पूरी तरह सूना होता चला गया।

## सुविधाओं का अभावः

बदहाली और बढ़ी आज इस ऐतिहासिक बाजार में मूलभूत सुविधाओं का भी घोर अभाव है। न पर्याप्त पेयजल व्यवस्था है, न सार्वजनिक शौचालय। साफ-सफाई और रखरखाव की कमी ने स्थिति को और खराब कर दिया है। प्रशासनिक उपेक्षा और आधुनिक सुविधाओं के अभाव ने इस बाजार को लगभग खत्म होने की कगार पर पहुंचा दिया है।

## व्यापारियों की उम्मीदः 'रौनक लौटे तो फिर जिंदा होगा बाजारः

बाजार में अभी भी कुछ दुकानों पर बैठे व्यापारी उम्मीद लगाए हैं कि कभी फिर यह बाजार अपने पुराने गौरव को हासिल करेगा। सांभर व्यापार महासंघ अध्यक्ष विनोद गट्टानी का कहना है कि सरकार को नजूल संपत्तियों–पुरानी तहसील, नगर पालिका भवन, कोर्ट और एसडीएम परिसर–में सरकारी कार्यालय संचालित करने चाहिए, ताकि लोगों की आवाजाही बढ़े और बाजार फिर से जीवंत हो सके।

## एक नजर में प्रमुख तथ्यः

स्थानः सांभरलेक का ऐतिहासिक बड़ा बाजार
पहलेः करीब 400 दुकानें, आज 30-40 ही नियमित खुलती हैं
पहचानः सोने-चांदी और जवाहरात का प्रमुख व्यापारिक केंद्र
ग्राहकः आसपास के 10+ शहरों/कस्बों से आते थे खरीदार
खासियतः दिल्ली-6 सहित फिल्मों की शूटिंग स्थल

## गिरावट की वजहः

वर्ष 2000 में धानमंडी का स्थानांतरण
2015-16 में तहसील और कोर्ट शिफ्ट
असरः सैंकड़ों व्यापारियों का पलायन

## वर्तमान स्थितिः

अधिकांश दुकानें बंद, जर्जर भवन, मूलभूत सुविधाओं का अभाव
**समाधान सुझावः** सरकारी कार्यालयों का पुनः संचालन, बुनियादी सुविधाओं का विकास

जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
28 अप्रैल, 2026





# अफेयर की चर्चाओं के बीच धनुष की फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी मृणाल!

पिछले साल मृणाल ठाकुर और धनुष के रिश्ते को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं चल रही थीं। यहां तक कि दोनों की शादी तक की अफवाहें बी-टाउन की गलियों में फैली थीं। हालांकि, मृणाल ने कई बार इन्हें अफवाहें बताकर खारिज किया। अब एक बार फिर मृणाल और धनुष चर्चाओं में हैं, लेकिन इस बार वजह पर्सनल नहीं बल्कि प्रोफेशनल है। चर्चाएं हैं कि मृणाल ठाकुर धनुष के निर्देशन में बनने वाली फिल्म में प्रमुख भूमिका में नजर आ सकती हैं।

### धनुष करेंगे फिल्म का निर्देशन

इंडिया टुडे में छपी एक खबर के मुताबिक, एक महिला प्रधान फिल्म पर काम चल रहा है और मृणाल ठाकुर को मुख्य भूमिका के लिए चुना जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट में महिला मुख्य कलाकार के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका होगी और बातचीत अंतिम चरण में है। रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ अन्य खबरों के अनुसार, धनुष इस फिल्म का निर्देशन कर सकते हैं, जो 1960 या 1970 के दशक पर आधारित एक पीरियड ड्रामा फिल्म होगी। आधिकारिक घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है। हालांकि, अभी तक मेकर्स की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### उड़ी थीं मृणाल और धनुष के अफेयर की खबरें

धनुष और मृणाल ठाकुर के बारे में अफवाहें पिछले साल अगस्त 2025 से फैलनी शुरू हुई थीं। जब दोनों को मृणाल की फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' के प्रीमियर पर एक साथ देखा गया। इससे पहले धनुष की फिल्म 'तेरे इश्क में' की रैप पार्टी में भी मृणाल ठाकुर की मौजूदगी ने सबका ध्यान खींचा था। सोशल मीडिया पर धनुष के परिवार के सदस्यों को फॉलो करते हुए मृणाल के देखे जाने के बाद अटकलें और तेज हो गईं। बाद में मृणाल ठाकुर ने अपनी फिल्म 'दो दीवाने शहर में' के प्रमोशन के दौरान अपनी शादी की अफवाहों को खारिज किया था। उन्होंने इन चर्चाओं को सिर्फ अफवाह बताया था।



### इस फिल्म में नजर आएंगे धनुष

वर्कफ्रंट की बात करें तो मृणाल हाल ही में आदिवी शेष के साथ फिल्म 'डकैत' में नजर आईं। इस एक्शन रोमांटिक ड्रामा को मिली-जुली समीक्षाएं मिलीं और बॉक्स ऑफिस पर इसकी शुरुआत धीमी रही। वहीं धनुष अपनी अगली फिल्म 'कारा' की तैयारी में जुटे हैं, जो 1991 के खाड़ी युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। यह फिल्म 30 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# एक्टिंग नहीं छोड़ रहे हैं करण वाही

टीवी से वेब सीरीज का सफर तय करने वाले अभिनेता करण वाही 'रीमिक्स', 'दिल मिल गए', 'नेवर किस योर बेस्ट फ्रेंड' (सीजन 2) और 'चन्ना मेरेया' जैसे कई शो में अभिनय करने के बाद घर-घर में मशहूर हो गए। हाल ही में उन्होंने अपने आध्यात्मिक सफर और जीवन में कुछ देर बाद अपने विश्वासों तक पहुंचने के बारे में खुलकर बात की। सोशल मीडिया पर उनके ये बयान वायरल होने के बाद कई लोगों ने कयास लगाए कि करण अभिनय पूरी तरह छोड़ने वाले हैं। चर्चाओं के बढ़ने के बाद अब अभिनेता ने इसके पीछे की सच्चाई बताई है। करण वाही ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट का जवाब दिया, जिसे बाद में हटा दिया गया था। उस पोस्ट में कहा गया था कि अभिनेता ने आध्यात्मिकता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अभिनय से दूरी बनाने का फैसला किया है। इस पोस्ट को स्टोरी पर साझा करते हुए करण ने कैप्शन में लिखा, 'आध्यात्मिक होने का मतलब यह नहीं है कि मुझे अपना काम छोड़ना होगा। कृपया वायरल होने के लिए अफवाहें न फैलाएं। संबंधित व्यक्ति से अनुरोध है कि इस पोस्ट को हटा दें और झूठ न फैलाएं। धन्यवाद।'
वर्कफ्रंट की बात करें तो करण वाही को हाल ही में सोनी लिव पर स्ट्रीम करने वाली रोमांटिक थ्रिलर सीरीज 'रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी' (2024) में देखा गया था।

# घर और परिवार से दूर रहने की वजह से मैं अकेलापन महसूस करने लगी थी


साउथ फिल्म इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री मालविका मोहनन अक्सर अपनी फिल्मों और ग्लैमरस अंदाज को लेकर चर्चा में रहती हैं। लेकिन, चमकती दुनिया के पीछे कलाकारों की जिंदगी में कई बार ऐसा अकेलापन भी होता है, जिसके बारे में लोग कम ही जानते हैं। हाल ही में मालविका ने अपने दिल की बात फैंस के साथ साझा की और बताया कि एक समय ऐसा आया था, जब वह अंदर से काफी टूट गई थीं। उन्होंने बताया कि परिवार और अपनों से दूर रहने की वजह से वह खुद को बेहद अकेला महसूस करने लगी थीं। दरअसल, मालविका मोहनन ने इंस्टाग्राम पर फैंस के साथ 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन रखा था। इस दौरान फैंस ने उनसे कई निजी और प्रोफेशनल सवाल पूछे। इसी बीच एक फैन ने उनसे पूछा कि वह आखिरी बार कब रोई थीं? इस सवाल का जवाब देते हुए मालविका ने कहा, ''पिछले महीने मैं काम के सिलसिले में चेन्नई में थीं। वहां मुझे लंबे समय तक रुकना पड़ा था। मेरी टीम बहुत अच्छी थी और काम भी ठीक चल रहा था, लेकिन लंबे समय तक घर और परिवार से दूर रहने की वजह से मैं धीरे-धीरे अकेलापन महसूस करने लगी थीं।'' उन्होंने कहा, ''दिनभर शूटिंग और काम में व्यस्त रहने के बाद जब मैं रात में अपने होटल के कमरे में लौटती थीं, तो वहां मुझसे बात करने वाला कोई नहीं होता था। यही चीज मुझे अंदर से परेशान करने लगी। मैं मानसिक रूप से काफी उदास थी। लगातार अकेले रहने का असर मेरे मन पर पड़ने लगा था, जिसके वजह से मुझे रोना आता था।''
अपने निजी अनुभव साझा करने के साथ-साथ मालविका ने अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि वह इस समय अभिनेता विजय सेतुपति के साथ एक तमिल फिल्म में काम कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन त्यागराजन कुमार राजा कर रहे हैं। मालविका ने निर्देशक की तारीफ करते हुए कहा कि वह सबसे बेहतरीन फिल्म निर्माताओं में से एक हैं। मालविका ने बताया कि इस फिल्म का नाम 'पॉकेट नॉवेल' है और यह इसी साल रिलीज होने वाली है। उन्होंने कहा, ''इस प्रोजेक्ट को लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं और उम्मीद करती हूं कि दर्शकों को यह फिल्म जरूर पसंद आएगी। इस फिल्म पर काम करना मेरे लिए खास अनुभव रहा है।''






# जैकी भगनानी न रकुल प्रीत सिंह से शादी के कारणों आपसी बॉन्डिंग को लेकर बात की

रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी बी-टाउन के क्यूट कपल में से एक हैं। दोनों अक्सर साथ में कपल गोल देते रहते हैं। हाल ही में जैकी भगनानी ने अपने रिश्ते को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि शादी के बावजूद वह अपने रिश्ते को सिचुएशनशिप की तरह मानते हैं। साथ ही जैकी ने आपस की बॉन्डिंग को लेकर भी बात की। हाल ही में जैकी भगनानी और रकुल प्रीत सिंह ने शादी के कारणों और अपने रिश्ते में आए बदलावों के बारे में बात की। जैकी ने बताया कि हमने एक-दूसरे से कहा कि अब हम 20-21 साल के नहीं हैं। हम दोनों ने जीवन में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से खुशमिजाज इंसान हूं। मैं किसी ऐसे व्यक्ति की तलाश नहीं कर रहा जो मेरे जीवन की कमी को पूरा कर सके, क्योंकि अगर मैं उदास रहूंगा, तो चाहे कोई भी मेरे जीवन में आए, मैं उदास ही रहूंगा। तुम भी व्यक्तिगत रूप से खुश हो। साथ में हम और भी खुश हैं। इस पर रकुल ने कहा कि वे एक-दूसरे के जीवन की कमी को पूरा कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि तुम मुझे छुट्टी पर नहीं ले गए, इसलिए मैं दुखी हूं। मैं अकेले भी छुट्टी पर जा सकती हूं। मुझे लगता है कि जीवन में बात करने के लिए और भी महत्वपूर्ण बातें हैं।



इस दौरान जैकी ने कहा कि रकुल और मैं शादीशुदा हैं, लेकिन हमारा रिश्ता एक तरह का सिचुएशनशिप है। इसका मतलब है कि हम एक-दूसरे के लिए ही बने हैं, क्योंकि शादी इसी वजह से हुई है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं उससे हर बात खुलकर कह सकता हूं। अगर रकुल के आस-पास होने पर मेरी कोई एक्स गर्लफ्रेंड मुझे फोन करती है, तो मैं स्पीकरफोन पर बात करने में जरा भी संकोच नहीं करता। यह जताते हुए कि मैं अपनी पत्नी से कुछ भी नहीं छिपाता। मैं कुछ भी नहीं छिपाता, इसलिए मुझे घुटन महसूस नहीं होती।



# अपना काम ईमानदारी से करना ही हीरोइज़्म है

थिएटर की दुनिया से मनोरंजन जगत में आए विजय वर्मा के लिए एक्टिंग की राह बिलकुल भी आसान नहीं थी। अपने हिस्से का संघर्ष तो उन्हें भी करना ही पड़ा। छोटी-छोटी भूमिकाओं के बाद जब उन्हें मेन रोल मिले, तो उन्होंने अपनी एक्टिंग और परफॉर्मेंस से खास जगह बना ली। 'दहाड़' का साइको किलर हो या 'गुस्ताख इश्क' का शायर आशिक, विजय अपनी भूमिकाओं को यादगार बनाते चले गए हैं। 'गली बॉय' के विजय आज मेकर्स की पसंद बन चुके हैं। इन दिनों वह चर्चा में हैं अपनी नई सीरीज 'मटका किंग' से। हाल ही में सोशल मीडिया पर विजय वर्मा की शादी को लेकर एक बार फिर चर्चा होने लगी है। हमने उनसे पूछा कि सलमान खान के बाद अब आपकी शादी की फिक्र कर रहे हैं लोग। आपकी मम्मी भी आपके पास आई हुई हैं, क्या शादी को लेकर पारिवारिक दबाव है? इस पर वह हंस देते हैं और कहते हैं, 'बिलकुल। मेरी मम्मी भी शादी को लेकर मेरे पीछे पड़ी रहती हैं, मगर अब वह बोल-बोल कर थक चुकी हैं। अब ज्यादा बोलती नहीं। जहां तक सलमान साहब की बात है, तो जब वह शादी कर लेंगे, तो मैं उसके बाद कर लूंगा।'
सीरीज हो या फिल्में आज नायक की परिभाषा बदल गई है। विजय वर्मा जैसे कलाकारों ने अपनी अभिनय अदायगी से अपने किरदारों के जरिए अपनी पहचान बनाई है। हीरोइज़्म को परिभाषित करते हुए वह कहते हैं, 'मेरे लिए हीरोइज्म वो है, जो खुद के हित के लिए नहीं बल्कि बड़े हित के लिए काम करे। जैसे मेरे अलावा किसी और का भी भला हो। मैं मानता हूं कि अपना काम भी ईमानदारी से करना भी हीरोइज़्म है। जैसे मेसी जब फुटबॉल खेल रहा होता है, तो पूरी दुनिया उसके लिए गायब हो जाती है और उसका पूरा ध्यान अपने खेल में होता है। जिस नशे और पागलपन से वह अपनी बॉल को गोल तक ले जाता है, वह भी तो एक तरह का हीरोइज्म है।'

### कट्टरपंथी हवा से लोग दबा-कुचला महसूस करते हैं

विजय मानते हैं कि कट्टरपंथ के कारण लोग प्रभावित हो रहे हैं। वह कहते हैं, 'मुझे नहीं लगता इंडस्ट्री में टॉक्सिसिटी है। मगर हां इन दिनों एक एंटी वोक (कट्टरपंथी) सेंटिमेंट खूब चल रहा है। इसके कारण लोग बहुत ही दबा-कुचला हुआ महसूस कर रहे हैं कि क्या बोलें, क्या करें और क्या न करें? क्या सोचें, क्या न सोचें? उसका एक प्रतिशोध मैं महसूस कर रहा हूं न सिर्फ इंडिया में बल्कि पूरी दुनिया में। दूसरे देश में एक ऐसे लीडर भी बैठे हैं, जो इसे रीप्रेजेंट भी करते हैं। मुझे लगता है, समाज में जो चल रहा है, उसी का रिफ्लेक्शन आपको फिल्मों मिलेगा।'

### इंडस्ट्री में अनिश्चितता है टॉक्सिसिटी नहीं

हाल ही में एक अवॉर्ड शो में एक जाने -माने स्टैंड-अप कॉमेडियन ने अपने 'धुरंधर' जोक से इंडस्ट्री की भीतरी ईर्ष्या पर तंज किया। पिछले दिनों भी इंडस्ट्री में टॉक्सिसिटी को लेकर खूब बहस चली। अनुराग कश्यप जैसे निर्देशक तो मुंबई से शिफ्ट ही हो गए। इस मुद्दे पर विजय कहते हैं, 'मुझे लगता है अनसर्टेनिटी है, डर है कि क्या चलेगा क्या नहीं क्योंकि स्टेक्स बढ़ गए हैं। मुझे याद है एक समय में तीन-चार करोड़ में स्मॉल बजट फिल्म बन जाती थी। आज की तारीख में मैं जब प्रोड्यूसर से बात करता हूं, तो छोटे बजट की फिल्मों की बात 15-20 करोड़ तक जाती है। अब इसमें मार्केटिंग और पीएनए को जोड़ दिया जाए, तो फिल्म का बजट 30-35 करोड़ तक चला जाता है। आज फिल्म निर्माण का गणित अचानक से बदल गया है। उस हिसाब से कुछ कॉन्सेप्ट्स ऐसे हैं नहीं, जिन पर इतना खर्च किया जाए, पर करना पड़ रहा है। कुछ सब्जेक्ट्स ऐसे हैं, जिन पर काफी खर्च करना पड़ेगा, मगर उनकी रिकवरी की गारंटी नहीं है। इन मुद्दों के कारण अनिश्चितता बढ़ जाती है।'

# जालोर में भाजपा कार्यालय की सात साल पहले बनी थी चारदीवारी, अब भवन का शिलान्यास

## भाजपा के जिला कार्यालय भवन का राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने किया वर्चुअल शिलान्यास

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी जालोर के नए भवन का सोमवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने टोंक में आयोजित एक समारोह में वर्चुअल शिलान्यास किया। हालांकि जालोर में भाजपा कार्यालय का पूर्व करीब सात साल पहले भी शिलान्यास हो रखा था, जिसमें चारदीवारी बनी थी, लेकिन उसके बाद काम ठप पड़ा था। सोमवार को एक बार फिर शिलान्यास हुआ है और अब यह कार्यालय भवन बनकर तैयार होगा।

भवन निर्माण समिति के संयोजक रविंद्रसिंह बालावत ने कहा कि पहले पार्टी कार्यालय किराए के भवनों में चले, जैसे जैसे जो जिलाध्यक्ष बने और जैसी जगह या व्यवस्था हुई मकान लेकर पार्टी का कार्यालय चलाया, लेकिन आज खुशी की बात है कि भाजपा का खुद का भवन बनकर अब जल्दी तैयार होगा। उन्होंने एक सुझाव भी दिया कि प्रदेश में विभिन्न जिलों में कार्यालय बन रहे हैं, जालोर में बनने वाले भवन में जालोर जिले की पहचान का उपयोग हो। कार्यक्रम को मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि आज बड़ी खुशी की बात है कि भाजपा कार्यालय के खुद का भवन बनेगा, पूर्व में भी किराए के भवन लेकर पार्टी की हर गतिविधि को संचालित किया है। गर्ग ने पूर्व जिलाध्यक्षों के योगदान को भी याद किया। उन्होंने कहा कि पहले किराए के कार्यालय थे तो वहाँ ताला लग भी जाता था तो एक बार चलता, लेकिन अब खुद का भवन है इसमें ताला नहीं लगना चाहिए इसके लिए जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्होंने कहा कि कार्यालय नेगेटिव चर्चाओं और आलोचनाओं का केंद्र नहीं बनना चाहिए, कार्यालय संस्कार का केंद्र बनना चाहिए जो कार्यकर्ता कार्यालय में आए वो यहां से संस्कार लेकर जाए, यह हम सब की जिम्मेदारी है। जिलाध्यक्ष जसराज पुरोहित ने कहा कि हम सब चाहते हैं कि यह भवन अब जल्द बनकर तैयार हो, ताकि पार्टी के कार्यकर्ताओं को अपना खुद का भवन मिल सके जो लंबे समय से इंतजार कर रहे थे, अब वो पूरा होगा। कार्यक्रम में सांसद लुम्बाराम चौधरी ने कहा कि पार्टी का खुद का भवन बनने से प्रत्येक कार्यकर्ताओं को मन से खुशी होगी, और हम सभी का प्रयास रहेगा कि जल्दी यह बनकर तैयार हो। पूर्व सांसद देवजी पटेल ने कहा कि यह पार्टी कार्यालय कार्यकर्ताओं का घर है। आज जिस भवन की नींव रखी जा रही है तो इससे प्रत्येक कार्यकर्ताओं को खुशी होगी कि उनके सपनों का भवन तैयार होगा और वे गर्व महसूस करेंगे

### कांग्रेस सरकार ने अटकाया था रोड़ाः

दरअसल, शहर के धवला मार्ग पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय भवन बनाने के लिए तत्कालीन जिलाध्यक्ष रविंद्रसिंह बालावत के नेतृत्व में बीजेपी ने धवला रोड पर केंद्रीय विद्यालय के आगे खातेदारी भखण्ड खरीदा था, जिसका 2018 में शिलान्यास किया गया था और उसके बाद करीब सात फीट तक चारदीवारी भी बन गई थी, लेकिन उसके बाद कांग्रेस सरकार ने प्रदेशभर में बीजेपी के कार्यालय के लिए आवंटित जमीन मामलों के काम अटका दिए थे, जिससे काम रुक गया और करीब सात साल बंद पड़ा रहा, अब भाजपा की सरकार में कार्यालय के नवीन भवन का शिलान्यास एक बार फिर से किया गया। भाजपा के जिला कार्यालय का सोमवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने वर्चुअल रूप से किया और जिला मुख्यालय पर पूर्व जिलाध्यक्ष व भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष रविंद्रसिंह बालावत, जिलाध्यक्ष जसराज पुरोहित ने मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा कर किया। इस मौके मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, सांसद लुम्बाराम चौधरी, पूर्व सांसद देवजी पटेल, पूर्व विधायक अमृता मेघवाल,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दानाराम चौधरी, प्रदेश सदस्य आवड़दान चारण, पूर्व जिला अध्यक्ष गेनाराम मेघवाल, भवन निर्माण के सह संयोजक, जिला कोषाध्यक्ष महेन्द्र मुणोत, सह संयोजक अमन मेहता, जिला कार्यालय मंत्री डिम्पल सिंह चौहान, पूर्व मंत्री धन्नाराम पुरोहित, भूपेंद्र देवासी, पुखराज वीराना समेत कई मौजूद रहे।

### इनका कहना है...

हमने खातेदारी जमीन लेकर 2018 में काम शुरू किया था, बाद में कांग्रेस सरकार ने काम अटका दिया। अब इसका शिलान्यास किया है। तीन मंजिला इस कार्यालय में प्रथम तल पर ऑफिस कक्ष बनेंगे। दूसरी मंजिल पर कॉन्फ्रेंस हॉल तथा तीसरी मंजिल पर आवास व रसोई बनेगी, जिसमें पार्टी के कोई उच्च पदाधिकारी आए तो ठहराव करने की सुविधा हो, कार्यालय में व्यवस्थित पार्किंग, सुरक्षा गार्ड आदि व्यवस्था रहेगी।

**रविंद्रसिंह बालावत, संयोजक, कार्यालय भवन निर्माण समिति, जालोर**

## धाकड़ समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 52 जोड़े बने हमसफ़र



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रांगण में आयोजित धाकड़ समाज के 27 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 52 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।इस अवसर पर आयोजित प्रतिभा व भामाशाह सम्मान समारोह में 44 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। पूर्व जिला प्रमुख इंजी.कन्हैया लाल धाकड़ और विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चैरेटीबल ट्रस्ट की चेयरमैन दीपशिखा धाकड़ की ओर से प्रात 7.30 बजे भूमि पूजन तथा 9.15 बजे ध्वजा रोहण के साथ सम्मेलन की शुरुआत हुई।आशीर्वाद समारोह के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व जिला प्रमुख इंजी.कन्हैयालाल धाकड़ ने कहा कि जिस समाज ने अपने बच्चों को क्वालिटी की शिक्षा देने के साथ ही समाज के विवाह समारोहों में होने वाले फिजूल खर्च को रोक कर सामूहिक विवाह सम्मेलन शुरू करने के साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म कर दिया हैं उस समाज का आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक तथा राजनीतिक विकास को कोई रोक नहीं सकता। इस अवसर पर श्री धाकड़ महासभा के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष इन्द्र सिंह मंडलोई, श्री धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भूपेन्द्र नागर के साथ ही अनेक जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी व बड़ी संख्या समाज के लोग मौजूद रहे।

## महिला आरक्षण लागू करने की मांगः महिला कांग्रेस का पोस्टकार्ड अभियान

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 (महिला आरक्षण बिल) को शीघ्र लागू करने की मांग को लेकर महिला कांग्रेस की ओर से सोमवार को पोस्टकार्ड अभियान चलाया गया। महिलाओं ने प्रधानमंत्री के नाम पोस्टकार्ड भेजकर अपनी मांग दर्ज कराई। कार्यक्रम अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा और प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष लीना शर्मा के नेतृत्व में महिलाएं पोस्ट ऑफिस पहुंचीं और महिला आरक्षण लागू करने की मांग को जोर-शोर से उठाया। इस दौरान सुमन, माया, सरिता, कमलेश, भारती, सवीना सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं। सभी ने 'आधी आबादी, पूरा हक' के संकल्प को दोहराते हुए महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। महिला कांग्रेस ने कहा कि महिला आरक्षण बिल को जल्द लागू करना महिलाओं के अधिकार और सम्मान की दिशा में अहम कदम है और इस मांग को लेकर आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

## विश्व टीकाकरण सप्ताहः 16 बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन, गर्भवतियों को भी लगाए टीके

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** विश्व टीकाकरण सप्ताह के उपलक्ष में शहर स्थित डॉ. चित्रा बंसल नर्सिंग होम में विशेष टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 16 बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुंह के कैंसर) से बचाव के लिए वैक्सीन लगाई गई, वहीं 11 गर्भवती महिलाओं को फ्लू सहित अन्य आवश्यक टीके लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं और परिजनों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए गए। डॉक्टरों ने बताया कि समय पर टीकाकरण से इस गंभीर बीमारी से काफी हद तक बचाव संभव है। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. अनिल बंसल ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन न केवल इस कैंसर से बचाव करती है, बल्कि अन्य कई प्रकार के कैंसर के खतरे को भी कम करती है। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन पुरुषों के लिए भी उपयोगी है और उन्हें भी लगाई जा सकती है। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को टिटनेस टॉक्साइड के साथ-साथ अन्य जरूरी टीकों के बारे में भी जानकारी दी गई, जिससे गर्भावस्था के दौरान मां और शिशु दोनों सुरक्षित रह सकें। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को नियमित टीकाकरण के महत्व को समझाते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

## सीएचसी कर्मियों की सराहनीय पहलः सफाईकर्मी की बहन के विवाह में सहयोग

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मनियां में कार्यरत सफाई कर्मचारी दिनेश कुमार की बहन के विवाह के उपलक्ष्य में अस्पताल परिवार ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए 33,500 की सप्रेम भेंट राशि प्रदान की। यह सहयोग सीएचसी प्रभारी डॉ. यादव के नेतृत्व में समस्त स्टाफ के सामूहिक योगदान से जुटाया गया। बताया गया कि दिनेश कुमार पिछले पांच वर्षों से सीएचसी मनियां में सेवाएं दे रहे हैं। उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण विवाह जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर सहयोग के लिए चिकित्सा प्रभारी ने पहल की और कर्मचारियों ने स्वेच्छा से योगदान दिया। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारियों सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। सहयोग मिलने पर दिनेश कुमार और उनके परिजनों ने सीएचसी प्रभारी व सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के माध्यम से कर्मचारियों ने आपसी सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देते हुए जरूरतमंद साथियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाने की मिसाल पेश की।

## चम्बल बजरी के अवैध परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, चालक फरार

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले में अवैध चम्बल रेता-बजरी के परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना सोने का गुर्जा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं। हालांकि अंधेरे और घने जंगल का फायदा उठाकर दोनों वाहन चालक मौके से फरार हो गए।

पुलिस अधीक्षक विकास सागवान (आईपीएस) के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. कमल कुमार व वृत्ताधिकारी महेन्द्र मीणा (आरपीएस) के सुपरविजन में थाना प्रभारी कैलाश चन्द के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम 26 अप्रैल की रात को गश्त पर थी। इसी दौरान देर रात करीब 2 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि टपुआ सायपुर के जंगलों के रास्ते अवैध चम्बल बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली गुजर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और नाकाबंदी कर दी। करीब 3:30 बजे जंगल की ओर से दो ट्रैक्टर-ट्रॉली आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर चालक वाहन छोड़कर भाग निकले। पुलिसकर्मियों ने उनका पीछा भी किया, लेकिन अंधेरे और घने जंगल के कारण वे फरार हो गए।

पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर तलाशी ली, लेकिन किसी भी वाहन में न तो दस्तावेज मिले और न ही बजरी परिवहन से संबंधित कोई वैध परमिट। एक ट्रॉली पर 'जय बजरंग बली' और 'हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा' लिखा हुआ पाया गया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि प्रतिबंधित चम्बल क्षेत्र से बिना लाइसेंस बजरी का अवैध परिवहन किया जा रहा था, जो कानूनन अपराध है। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कर दिया है।

मामले में संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है तथा फरार चालकों की तलाश जारी है। थाना प्रभारी कैलाश चन्द ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## परीक्षा परिणामों में आई त्रुटियों के विरोध में विद्यार्थी परिषद ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) धौलपुर की ओर से बीए, बीएससी एवं बीसीए के परिणामों में आई त्रुटियों के विरोध में जिला कलेक्टर को बृज विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। परिषद ने विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से उठाते हुए परिणामों में सुधार करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि विश्वविद्यालय की ओर से घोषित परिणामों में अनेक विद्यार्थियों को अनुत्तीर्ण (बैक) कर दिया गया है, जिसका कारण केवल विश्वविद्यालय हैं विद्यार्थियों को सेमेस्टर के तुरंत बाद परीक्षा करवाने के लिए बहुत कम समय देना जिससे विद्यार्थियों की ना क्लास चल पायी हैं ना ही विद्यार्थी पढ सका हैं और ये बात विश्वविद्यालय प्रशासन की जानकारी में होते हुए भी अनदेखा किया गया हैं जो विद्यार्थियों को पढ़ाई को लेकर मानसिक दबाव बनाता हैं और इस प्रकार की त्रुटि के कारण विद्यार्थियों में असमंजस और निराशा की स्थिति उत्पन्न हो रही है तथा उनका शैक्षणिक भविष्य प्रभावित हो रहा है। परिषद ने मांग की कि जिन विद्यार्थियों को गलत तरीके से बैक लगाकर अनु उत्तीर्ण घोषित किया गया है, उनके परिणामों में शीघ्र सुधार किया जाए। साथ ही ऐसे सभी विद्यार्थियों को आगामी सेमेस्टर में परीक्षा फॉर्म भरने के लिए मान्य किया जाए.प्रांत कार्यकारिणी सदस्य निशा ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को इस विषय को गंभीरता से लेना चाहिए और विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिला कार्यालय मंत्री करुणा शर्मा ने कहा कि यह समस्या बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को प्रभावित कर रही है, इसलिए प्रशासन को त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए और सभी परिणामों की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। गर्ल्स कॉलेज की इकाई अध्यक्ष तान्या समाधिया ने कहा कि छात्राओं को इस समस्या के कारण विशेष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि जल्द से जल्द परिणामों में सुधार कर विद्यार्थियों को राहत दी जाए। इस उपलक्ष्य में मुस्कान, साक्षी चौधरी, निधि, हरप्रीत, डॉली, विसंजन शर्मा, शुभाशी, नैतिक, सचिन, कन्हैया शर्मा, अर्चित, योगेश,सौरव, कुलदीप, करुणा, निशा, प्रज्ञान डागोर सहित परिषद के कई कार्यकर्ता व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन गरिमाः स्कूलों में पहुंची पुलिस, छात्राओं को आत्मरक्षा व साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन गरिमा' के तहत पुलिस का जागरूकता अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में विभिन्न थानों की पुलिस व आत्मरक्षा प्रशिक्षण टीम द्वारा स्कूल, पार्क, कोचिंग संस्थान और सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं और छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा एवं एडीएफ बाड़ी कमल कुमार जांगिड़ के सुपरविजन में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना कौलारी प्रभारी हरिनारायण मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कौलारी में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। साथ ही उन्हें नए कानूनों के प्रावधान, राजकॉप सिटीजन एप, साइबर सुरक्षा, गुड टच-बैड टच, महिला हेल्पलाइन और अन्य सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ऑपरेशन गरिमा के तहत महिलाओं पर होने वाले अपराधों और उनके दंड के बारे में आमजन, युवाओं व विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की शिकायत या संदिग्ध गतिविधि सामने आने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के तहत जिलेभर के स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर, गर्ल्स हॉस्टल, बाजार, रेलवे स्टेशन व अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस की विशेष नजर रखी जा रही है। साथ ही महिला हेल्पलाइन 1090 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता मिल सके। पुलिस का कहना है कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आगे भी लगातार जारी रहेंगे, जिससे महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़े और वे अपनी सुरक्षा को लेकर सजग रहें।

## पुलिस लाइन में पेंशनर्स की बैठक, राजकॉप ऐप के जरिए डिजिटल सुविधाओं से जोड़ा

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में सोमवार को पुलिस लाइन के मनोरंजन कक्ष में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने पेंशनर्स को राजकॉप सिटीजन ऐप के उपयोग और इसकी विभिन्न सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एएसपी वैभव शर्मा ने बताया कि राजस्थान पुलिस द्वारा विकसित यह मोबाइल एप्लिकेशन आम नागरिकों के साथ-साथ विशेष रूप से सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों और उनके आश्रितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिससे वे घर बैठे कई जरूरी सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऐप में स्हर इमरजेंसी बटन के माध्यम से किसी भी आपात स्थिति में सीधे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी जा सकती है, जिससे लोकेशन के आधार पर तुरंत सहायता पहुंचाई जाती है। इसके अलावा खोए हुए सामान की ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराने, वाहन व मोबाइल सत्यापन, शिकायत दर्ज कर उसकी ट्रैकिंग जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। बैठक में विशेष रूप से राजस्थान पुलिस पेंशनर्स पोर्टल (₹3P) के बारे में जानकारी दी गई, जिसके माध्यम से सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी पेंशन, मेडिकल क्लेम व अन्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं। एएसपी ने बताया कि ऐप डाउनलोड करने के लिए गूगल प्ले स्टोर या ऐपल ऐप स्टोर पर RajCop Citizen सर्च कर इंस्टॉल किया जा सकता है। इसके बाद मोबाइल नंबर के जरिए पंजीकरण कर सभी सुविधाओं का लाभ लिया जा सकता है। उपयोग में किसी प्रकार की परेशानी होने पर SCRB हेल्पलाइन नंबर 8764873136 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राजकॉप ऐप सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के लिए एक 'डिजिटल साथी' की तरह है, जो उन्हें सुरक्षित रखने के साथ-साथ पुलिस विभाग से जुड़े रहने में मदद करता है। बैठक में उपस्थित पेंशनर्स को ऐप के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया और उनकी शंकाओं का समाधान भी किया गया।

## नालसा स्कीमां, पॉस्को अधिनियम 2012 के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव मागो के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जन साहस संस्था धौलपुर के संयुक्त तत्वावधान में नालसा स्कीमां, पॉस्को अधिनियम 2012 के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर सचिव रेखा यादव ने सर्वप्रथम नालसा, रालसा व डालसा की कार्यप्रणालियों के बारे में जानकारी देते हुए नालसा स्कीमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही पॉस्को अधिनियम के बारे में जानकारी दी कि वर्ष 2012 में यह नियम लागू किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करना है। इस कानून के तहत यौन उत्पीड़न, छेड़छाड़, बाल अश्लीलता जैसे अपराधों के लिए सख्त सजा का प्रावधान किया गया है साथ ही निशुल्क विधिक सहायता, नालसा टोल फ्री नंबर 15100 पीडित प्रतिकर स्कीम भीख मांगने वाले व्यक्तियों के पुनर्वास व अधिकारों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी।

पूजा परमार क्लस्टर कोऑर्डिनेटर जन साहस संस्था की ओर से उपस्थित लोगों को संस्था के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जन साहस संस्था पिछले 25 वर्षों से महिला और बच्चों के साथ होने वाली लैंगिक हिंसा के रोकथाम पर कार्य कर रही है। साथ ही जन साहस की ओर से चलाए जा रहे महिलाओं एवं बच्चों के साथ लैंगिक हिंसा की रोकथाम के लिए हेल्पलाइन नंबर 18003000 2852 की जानकारी दी गई इस नंबर पर संपर्क या सूचना दे सकते हैं। प्रतीक सिंह व सौरभ गोविंद लीगल जन साहस संस्था की ओर से उपस्थित लोगों को पॉक्सो से संबंधित अपराधों के बारे में बताया गया व रोकथाम के बारे में भी जानकारी दी।

किरण पुरी बौद्धिक स्वास्थ्य दाता जन साहस संस्था की ओर से उपस्थित लोगों को सरकारी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के बौद्धिक स्वास्थ्य की देखभाल कैसे करें इस विषय पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष मधु शर्मा, जनसाहस संस्था से राजेश्वरी, प्रियंका, सरिता, प्रमोद, आशा, विश्वेंद्र व पुलिस विभाग के अधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य, डालसा के पीएलवी आदि मौजूद रहे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
28 अप्रैल, 2026

## भामाशाह की पहलः टीबी अस्पताल रतनगढ़ में आरओ भेंट, मरीजों को मिलेगा शुद्ध पानी

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** भीषण गर्मी के बीच मरीजों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से भामाशाह शक्ति सोलर, रतनगढ़ की ओर से टीबी अस्पताल में वाटर प्यूरीफायर (आरओ) भेंट किया गया। भामाशाह नवीन सोनी ने बताया कि गर्मी के मौसम में अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को स्वच्छ पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ता है। इस पहल से अब मरीजों को शुद्ध और ठंडा पानी आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। जिला क्षय अधिकारी डॉ. वेदप्रकाश ने इस सराहनीय सहयोग के लिए भामाशाह नवीन सोनी तथा उनके सहयोगी मो. हारून, मो. असलम और मुकेश का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर टीबी अस्पताल के डॉ. मुकेश, राजकुमार नवल, मुकेश भाम्बू, मनीष चारण, दारा सिंह, राधेश्याम जांगिड़ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सड़क का हिस्सा अचानक उभरा, हादसे की आशंका

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** कस्बे के वार्ड संख्या 2 में सोमवार दोपहर एक सीसी सड़क का हिस्सा अचानक ऊपर उठ गया, जिससे क्षेत्र में लोगों में चर्चा का माहौल बन गया। यह सड़क मस्जिद से गणेश मंदिर कॉलोनी होते हुए फतेहपुर बाईपास तक जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार हल्की बूंदाबांदी के बाद सड़क का एक हिस्सा उभर गया। घटना के समय वहां से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए इसकी जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो भविष्य में दुर्घटना हो सकती है।

## सीआई चोयल का उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अभिनंदन

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** मुख्य बाजार के निकट हाईलैण्ड मार्ग स्थित केड़िया हवेली में गत दिवस मण्डावा थाना प्रभारी सीआई रामनारायण चोयल के उत्कृष्ट व उल्लेखनीय सेवा के लिए केड़िया परिवार की ओर से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोलकाता प्रवासी उद्योगपति व भामाशाह हरगोविन्द केड़िया ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा की पुलिस संवेदनशीलता आमजन के साथ ही पुलिस की असली पहचान होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस को देश का सर्वश्रेष्ठ बल बनाने के लिए हर पुलिसकर्मी में समर्पण, अनुशासन और मानवीय दृष्टिकोण होना जरूरी है। आम जन को पुलिस के प्रति मानवीय दृष्टिकोण होना चाहिए। कोलकाता प्रवासी दिनेश केड़िया, माया केडिया, सुनीता केडिया, भामाशाह गोपाल केड़िया, पिताम्बर मिश्रा, बाल किशन भाटीवाड ने सीआई को शॉल ओढ़ाकर, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## फिल्म अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की शूटिंग पूरी, हुई रवाना



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** फिल्म अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा वेब सीरीज की शूटिंग पूरी कर सोमवार सुबह मंडावा से रवाना हो गई। सोनाक्षी सिन्हा होटल डेजर्ट रिजॉर्ट में रुकी हुई थी। हालांकि इस बार मंडावा में दृश्य शूट नही किए गए थे। शेखावाटी क्षेत्र में नवलगढ़, मुकुंदगढ़, खिरोड़, लोहार्गल आदि स्थानों पर वेब सीरीज दहाड़-2 की शूटिंग हुई थी। 'दहाड़-2' में सोनाक्षी सिन्हा एक दमदार पुलिस अधिकारी के किरदार में नजर आएंगी। यह किरदार मजबूत, सख्त और न्याय के लिए लड़ने वाली महिला अधिकारी की छवि को दर्शाता है। पहले सीजन में भी उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा था, जिसके बाद दूसरे सीजन को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है। दहाड़-2 एक क्राइम-थ्रिलर वेबसीरीज है, जिसकी कहानी समाज में घटित होने वाले गंभीर अपराधों और उनकी जांच के इर्द- गिर्द घूमती है। इसमें पुलिस जांच, सामाजिक मुद्दों और मनोवैज्ञानिक पहलुओं को गहराई से दिखाया गया है। पहला सीजन अपनी दमदार कहानी, सशक्त निर्देशन और कलाकारों के प्रभावशाली अभिनय के कारण काफी चर्चित रहा था। वेब सीरीज का निर्माण एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी फिल्मस के बैनर तले हो रहा है। निर्देशन रीमा कागती कर रही है और सोनाक्षी सिन्हा के अलावा विजय वर्मा, गुलशन देवैया और सोहम शाह भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

# बिजली समस्याओं से परेशान किसानों का एईएन कार्यालय पर प्रदर्शन

## तीखी नोकझोंक के बीच दी आंदोलन की चेतावनी

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** क्षेत्र में लगातार बिगड़ती बिजली व्यवस्था से नाराज किसानों का गुस्सा सोमवार को खुलकर सामने आया। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के नेता ताराचंद सहारण के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसानों ने सहायक अभियंता एईएन कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को लेकर विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने जले हुए ट्रांसफार्मर तुरंत बदलने, जर्जर बिजली के खंभों और ढीले तारों को हटाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारु बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग उठाई। इसके बाद किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने एईएन राजेश कुमार मीणा को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। किसानों का आरोप है कि सरदारशहर क्षेत्र में करीब 20 हजार कृषि बिजली कनेक्शन होने के बावजूद व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। उन्होंने विभाग पर बिना कमीशन कोई काम नहीं करने और वीसीआर विद्युत चोरी निरोधक कार्रवाई के नाम पर किसानों से अवैध वसूली करने के गंभीर आरोप भी लगाए। किसान नेता रूपचंद सारण ने बताया कि विभागीय लापरवाही के चलते जीवणदेसर, भाटवाला सहित कई गांवों में हालात बेहद खराब हैं और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही हैं। प्रदर्शन के दौरान माहौल उस समय गरमा गया जब किसानों और एईएन राजेश कुमार मीणा के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। बहस के दौरान एईएन ने किसानों से कहा सीधी अंगुली सामने करके मत बोलो। इस पर किसान और भड़क गए और कुछ देर के लिए स्थिति तनावपूर्ण हो गई।हालांकि बाद में समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। एईएन मीणा ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि विभाग नियमानुसार कार्य कर रहा है और जहां भी समस्याएं हैं उनका प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। उन्होंने किसानों से सहयोग की अपील भी की। वहीं किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो अगले सोमवार को इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि हालात नहीं सुधरे तो आंदोलन उग्र रूप ले सकता है। जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में रामेश्वर लाल, कृष्णराम, दयाराम, भागीरथ, सुरेश कुमार, रामनिवास, रणजीत सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## कृषि आदान व्यापारियों की हड़ताल, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** कृषि आदान व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सोमवार को चूरू एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर व्यापारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल रखी। इसी क्रम में बीदासर में व्यापारियों ने एसडीएम अमीलाल यादव को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि नई दिल्ली स्थित संगठन देशभर के लगभग 5 लाख खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं का प्रतिनिधित्व करता है। पिछले 10 वर्षों से व्यापारी विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन बार-बार मांग के बावजूद समाधान नहीं हो पाया है। व्यापारियों ने मांग रखी कि उर्वरक कंपनियों की ओर से सब्सिडी वाले खाद के साथ अन्य अनुपयोगी उत्पादों की जबरन टैगिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। साथ ही खाद की आपूर्ति डीलर के बिक्री केंद्र तक सुनिश्चित की जाए, ताकि अतिरिक्त परिवहन खर्च से राहत मिल सके। इसके अलावा बढ़ती महंगाई को देखते हुए उर्वरकों पर डीलर मार्जिन कम से कम 8 प्रतिशत करने, 'साथी' पोर्टल को ग्रामीण खुदरा विक्रेताओं के लिए वैकल्पिक बनाने और एचटीबीटी बीज नीति को स्पष्ट कर अवैध बीज बिक्री पर रोक लगाने की मांग भी की गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि सीलबंद पैकिंग में नमूना फेल होने पर विक्रेता को दोषी नहीं माना जाए, बल्कि केवल गवाह के रूप में रखा जाए और उत्पाद की गुणवत्ता की जिम्मेदारी निर्माता कंपनी की तय की जाए। इस दौरान मोटाराम सारण, ओमप्रकाश माली, खींवाराम माली, गोरधन लाल, कृष्ण सारण, भंवरलाल, श्रवण, मोहन सिंह ढाका, नंदलाल, गंगाराम, रामनिवास गोदारा, रामप्रताप सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

## पेयजल संकट पर कांग्रेस ने किया पीएचइडी कार्यालय घेराव, अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** तारानगर विधान सभा क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी इलाकों में गहराते पेयजल संकट को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश सोमवार को खुलकर सामने आया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरिसिंह बेनिवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया और विभाग व राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पेयजल समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। इस दौरान मौके पर काफी देर तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।

घेराव के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल और अधिशाषी अभियंता के बीच वार्ता आयोजित हुई, जो करीब एक घंटे तक चली। वार्ता के दौरान अधिकारियों ने समस्या के समाधान के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। इस पर कार्यकर्ताओं ने सशर्त सहमति जताते हुए स्पष्ट किया कि यदि सात दिन के भीतर पेयजल व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो पूरे क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता जलदाय विभाग कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है, लेकिन विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। गर्मी बढ़ने के साथ ही स्थिति और गंभीर हो गई है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदर्शन के दौरान कुंदन सैनी, जासम खोखर, मानसिंह सैनी, पप्पू गोस्वामी, बुंदे खां लुहार, जयनारायण सहारण, दिनेश खंडेलवाल, आदिल खोखर, भगवानाराम रेगर, मोहम्मद आरिफ, जुबेर गौरी, प्रकाश सांसी सहित कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। वहीं, क्षेत्रवासियों की नजर अब तय समयसीमा में होने वाली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

## एसडीएम कार्यालय के बाहर वकीलों का अनिश्चित कालीन धरना, रीडर को हटाने की मांग तेज

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।।** शहर के उपखण्ड अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय के बाहर सोमवार को अभिभाषक संघ के बैनर तले वकीलों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। एसडीएम कार्यालय के रीडर संदीप भोजक के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से नाराज अधिवक्ताओं ने अब अपना आंदोलन तेज कर दिया है। इससे पहले वकील पिछले करीब दो माह से न्यायालय कार्य का बहिष्कार कर रहे थे। सोमवार को अधिवक्ता जुलूस के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचे और मुख्य द्वार के सामने धरने पर बैठ गए। इस दौरान 'रीडर हटाओ, न्याय बचाओ' जैसे नारों के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया। धरने में बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। अभिभाषक संघ अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र सिंह राजपुरोहित ने आरोप लगाया कि रीडर संदीप भोजक की कार्यशैली से न केवल अधिवक्ता बल्कि आमजन भी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि रीडर पर भ्रष्टाचार, अभद्र व्यवहार और न्यायिक कार्य में बाधा डालने जैसे गंभीर आरोप पहले भी कई बार लगाए जा चुके हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। संघ के अनुसार 23 फरवरी को रीडर के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया था, इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि फर्जी रजिस्ट्रियों और करोड़ों रुपए के घोटाले की भी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। धरने के दौरान अधिवक्ताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक रीडर को जिले से बाहर स्थानांतरित कर निलंबित नहीं किया जाता और पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच शुरू नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में अभिभाषक संघ के पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में शामिल रहे और प्रशासन से जल्द से जल्द मांगों पर संज्ञान लेने की अपील की।

## शासन सचिव, सहकारिता ने की टू-डू लिस्ट की समीक्षा, समयबद्ध कार्य निष्पादन पर दिया जोर



जयपुर टाइम्स

**जयपुर** सहकारिता विभाग के शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां डॉ. समित शर्मा ने सोमवार को शासन सचिवालय स्थित अपने कक्ष में विभागीय अधिकारियों की टू-डू लिस्ट की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को पूरे मनोयोग से कार्य करते हुए समयबद्ध कार्य निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों की स्पष्ट प्राथमिकता तय कर योजनाबद्ध रूप से कार्य करने से विभागीय कार्यप्रणाली में गति, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। शासन सचिव ने अधिकारियों की टू-डू लिस्ट में शामिल प्रत्येक कार्य की वर्तमान प्रगति, आगामी कार्ययोजना (फ्यूचर प्लान ऑफ एक्शन), संभावित समयसीमा तथा अपेक्षित परिणामों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सहकार वन की स्थापना, विभाग में भ्रष्टाचारमुक्त कार्यप्रणाली, बायोमीट्रिक उपस्थिति, डीपीसी, प्रशिक्षण, सहकारी संस्थाओं में रिक्त पदों पर भर्तियां, भारत टैक्सी की शुरूआत, गोदाम निर्माण, गोदामों का डब्ल्यूडीआरए रजिस्ट्रेशन, कस्टम हायरिंग सेंटर्स की स्थापना एवं प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र आदि के संबंध में अब तक की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को कार्यों के निष्पादन में गति लाने के निर्देश दिए। डॉ. शर्मा ने कहा कि टू-डू लिस्ट केवल कार्यों की सूची नहीं होकर विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति का प्रभावी माध्यम है। सभी अधिकारी अनुभाग स्तर पर भी सतत समीक्षा सुनिश्चित करते हुए विभाग में परिणाम आधारित कार्यसंस्कृति विकसित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यों के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, समयबद्धता और पारदर्शिता बनाये रखने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

## बालाजी इलेवन ने जीता स्नेह मिलन नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय एन.के. लोहिया स्टेडियम में आयोजित स्नेह मिलन रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट (सीजन 7) का समापन रविवार रात्रि को हुआ। खिताबी मुकाबले में बालाजी इलेवन ने भवानी इलेवन को हराकर सीजन 7 की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। फाइनल मैच के हीरो बालाजी इलेवन के कप्तान मुकेश जाट रहे, जिन्होंने अपनी आतिशी पारी से दर्शकों का दिल जीत लिया। फाइनल मुकाबले की विजेता टीम को ट्रॉफी और एक लाख रूपये नगद तथा उप विजेता टीम को इक्यावन हजार रूपये, ट्रॉफी प्रदान की गई। मैन ऑफ द सीरिज रहे रफीक खान लाडनू को ट्रॉफी और कश्मीर ट्यूर प्रदान किया गया। इससे पहले फाइनल मुकाबले की शुरूआत में भवानी इलेवन के कप्तान भवानी बन्ना ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बालाजी इलेवन की टीम ने निर्धारित ओवरों में 145 रनों का मजबूत स्कोर बनाया। टीम के कप्तान मुकेश जाट ने मैदान के चारों ओर चौकों-छक्कों की बरसात करते हुए मात्र 12 गेंदों में 47 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भवानी इलेवन की टीम दबाव नहीं झेल सकी और पूरी टीम 99 रनों पर ही सिमट गई। टूर्नामेंट के समापन पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया। फाइनल मुकाबले में मैन ऑफ द मैच बालाजी इलेवन के कप्तान मुकेश जाट, मैन ऑफ द सीरिज रफीक खान लाडनूं, बेस्ट बैट्समैन राहुल चौधरी तथा बेस्ट बॉलर केशव रहे। प्रतियोगिता के समापन समारोह में कांग्रेस नेता मोहम्मद इदरीश गौरी, भामाशाह पवन सोनी, आसिफ खान, किशन लाल, सुनील जैन सडूवाला, अरविंद सोनी, विशाल चौधरी, जब्बार भुट्टा, इमदाद खान, सिकंदर खान, मुख्तियार खीची शामिल हुए। कार्यक्रम में आबिद खान, अख्तर, महेंद्र आर्य, नफीस राईन और जावेद गोरी का भी विशेष सहयोग रहा। टूर्नामेंट को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष शाहिद खान, राजा खान, आवेश राव, विक्की चौहान, जावेद भाटी, आसिफ खान, अकरम गौरी, आजाद भायो, रिजवान अगवान, सुशील गुर्जर, जब्बार खीची सहित समिति के सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई। देर रात तक चले इस टूर्नामेंट के फाइनल को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## युवा है राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी ताकतः केड़िया

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** कोलकाता प्रवासी उद्योगपति व भामाशाह हरगोविन्द केड़िया ने कहा कि युवा राष्ट्र निर्माता हैं और उन्हें अपने ज्ञान का उपयोग विकसित भारत के निर्माण में करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने और नवाचार के माध्यम से देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने का आह्वान किया। वे सोमवार को श्रीयुवक सभा आदर्श विद्या मन्दिर में आयोजित अभिभावक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि नारी शक्ति के सशक्तिकरण का प्रतीक है और इस भावना को बनाए रखना चाहिए।

### नारी शक्ति को बताया देश की नींव : सुनीता

वाणिज्य विश्लेषक व कोलकाता प्रवासी सुनीता केड़िया ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी दिशा में देश का संकल्प है। नारी शक्ति को देश की नींव बताते हुए उन्होंने कहा कि उनके विकास के लिए अधिक प्रयास किए जाने चाहिए। सुनीता ने कहा कि यह स्कूल प्राचीन समय से समाज सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनें। उद्यम, नवाचार और आविष्कार के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था और ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाएं। प्राचार्या मनीषा इन्दोरिया ने इस दौरान स्कूल की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए आगन्तुक मेहमानों का स्वागत किया। अन्त में व्यवस्थापक जितेन्द्र सुरोलिया ने सभी का आभार जताया ।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
28 अप्रेल, 2026

## महाविद्यालय विकास समिति की बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय जीएसएच महाविद्यालय में प्राचार्य विनीता चौधरी की अध्यक्षता में महाविद्यालय विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय विकास से संबंधित आवश्यक प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में सदस्य दीपाराम सांडेला ने महाविद्यालय भवन की सुरक्षा के लिए भवन की नींवो के पास भर्ती करवाने, राहुल सामरिया ने महाविद्यालय छात्राओं के लिए गर्ल्स कॉमन रूम को सुसज्जित कर आवश्यक व्यवस्थाएं करने के लिए प्रस्ताव दिए, जो सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में महाविद्यालय विकास समिति सचिव एस आर बालन, विभागीय प्रतिनिधि प्रमोद कुमार ने भी महाविद्यालय में पानी की माकूल व्यवस्था के लिए आवश्यक पाईप लाइन डालने हेतु प्रस्ताव दिया, जो सर्वसमति से पारित किया गया। इस अवसर अ. प्रशासनिक अधिकारी जीवराज सिंह ने विकास समिति की कार्य प्रणाली से नवीन सदस्यों को अवगत करवाया। विनीता चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## राम मन्दिर में गुंजी सुंदरकांड की चौपाईयां, भजनों पर थिरके श्रद्धालु



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय नई सड़क स्थित श्रीराम मंदिर में श्री हनुमान भक्त मंडल सुंदरकाण्ड समिति चूरू का 24वां वार्षिकोत्सव रविवार को श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुजारी पंकज शर्मा ने बालाजी महाराज की ज्योत प्रज्वलित कर किया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने भव्य संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ का वाचन किया। कार्यक्रम में एक स्वर में गुंजी सुंदरकांड की चौपाइयों ने वातावरण को अध्यात्म मय बना दिया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने सुंदरकाण्ड के साथ-साथ एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर बालाजी महाराज को रिझाया। कार्यक्रम में देवकीनंदन चौधरी, अनिल कसेरा, उत्तम ओझा, सुशील जांगिड़, मनोज अग्रवाल, पवन ठठेरा, घनश्याम स्वामी, पवन शर्मा, पंकज बीनासरिया, आशाराम सैनी व ओमप्रकाश स्वामी ने सहयोगी भूमिका निभाई। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सद्भावना का संचार उत्पन्न करते हैं। कार्यक्रम का समापन महाआरती के साथ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित रहे।

## कल्याणपुरा के निरंकारी स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव कल्याणपुरा की निरंकारी स्कूल में स्कूल की प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच प्रशासक सुरेंद्र सिंह भाटी व स्कूल निदेशक रतिराम पुनियां सहित अनेक लोगों ने स्कूल में उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों में सफलता हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच व प्रशासक सुरेंद्र सिंह भाटी ने विधार्थियों की सफलता को लेकर खुशी व्यक्त करते हुए मेहनत और लगन से पढ़ाई करने वाले विधार्थी हमेशा आगे रहते हुए अपने माता-पिता व स्कूल व अपने गांव का नाम रौशन करते हैं। इस अवसर पर स्कूल निदेशक रतिराम पुनियां सहित स्कूल स्टाफ ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर संतोष सिंह राजपूत, रुपसिंह राजपूत सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## क्रूजर चालक के खिलाफ टक्कर मारने का मामला दर्ज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय कोतवाली पुलिस थाने में क्रूजर गाड़ी के चालक के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली पुलिस को विनोद तंवर पुत्र चान्दमल तंवर, निवासी मान पब्लिक स्कुल के पीछे वार्ड नं 6, सुजानगढ ने रिपोर्ट देकर बताया है कि 23 अप्रेल को दोपहर में करीब दो बजे मेरा छोटा भाई डूंगरमल तंवर अपनी इको वैन में मेगा हाइवे से गनोड़ा चौराहे पर गनोड़ा की ओर जाने के लिए मुड़ा, तभी पीछे से आ रही एक क्रूजर नं. आरजे 44 टीए 0694 के चालक ने अपने वाहन में ओवरलोड रूप से तीस से ज्यादा स्कूली बच्चों व एक शिक्षिका को बिठाकर अत्यधिक तेज गति से लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए गलत साइड से ओवरटेक करने का प्रयास किया, जिसके चलते डूंगरमल की इको वैन को गंभीर टक्कर लगी। इसके बाद वाहन चालक मेरे भाई की गंभीर स्थिति को देखकर मेरे भाई को चिकित्सालय ले जाने के बजाय घटनास्थल से भाग गया। दुर्घटना होने के पश्चात् पास की होटल पर खड़े प्रेम तंवर व हरिसिंह ने पास खड़े व्यक्तियों के सहयोग ने डूंगरमल को राजकीय चिकित्सालय, सुजानगढ़ में पहुंचाया। जहाँ स्थिति गंभीर होने के कारण डूंगरमल को जयपुर रैफर कर दिया। जहाँ डूंगरमल सिर पर लगी गंभीर चोटों के कारण अभी भी कोमा में है और जीवन व मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहा है। पुलिस ने क्रूजर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, जिसकी जांच हैड कांस्टेबल रामलाल कर रहे हैं।

# पांच दिवसीय परिंडा लगाओ, पक्षी बचाओ अभियान का समापन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निस)।** इंसानियत एकता सेवा समिति की ओर से चल रहे पांच दिवसीय 'परिंडा लगाओ, पक्षी बचाओ' अभियान का समापन केटीसी स्कूल सहित शहर में विभिन्न स्थानों पर परिंडे लगाकर किया गया। इस अवसर एडवोकेट इब्राहीम गौरी ने कहा कि इस भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों के लिए दाने-पानी की व्यवस्था करना बड़ा नेक और सहरानीय कार्य है। समिति संस्थापक व अभियान संयोजक करामत खान उर्दू अदीब ने बताया कि अभियान के तहत शेखावाटी क्षेत्र में 511 से अधिक परिंडे लगाए गए,जिन स्थानों पर परिंडे लगाए गए, वहां समिति से जुड़े कार्यकर्ताओं को उनके सार-संभाल की दी गई। व्यवस्थापक इंजीनियर जाफर खान ने बताया कि अभियान में अरशद खान एलटी , सुलेमान मनीहार, महबूब खान, पूर्व कमिश्नर शौकत अली खान, समिति अध्यक्ष




अकबर खान, उपाध्यक्ष महमूद अली राणा, कोषाध्यक्ष रियाज अहमद खान, सहसचिव डॉ शाहरुख खान, संरक्षक सदस्य आमीन खान, संयोजक नौशाद खान, डॉ गफार, पूर्व सरपंच डॉ अयूब खान, समाजसेवी हमीद खान रिसालदार, समाजसेवी साबिर खान, समाजसेवी रहमान खान, प्रधानाध्यापक अशफाक खान, अध्यापक रफीक खान, अध्यापक वसीम अली, लेक्चरर आरिफ खान, एडवोकेट अनीस खान, गुलाम हुसैन गौरी, मो. रफीक राजगढ़िया, असलम खान, युसूफ खान, साजिद खान, अरशद खान,ओम प्रकाश पारीक, आसिफ लुहार, हारून चौहान, शफीक मंडवारिया, अब्दुल वासिद, महमूद खान फौजी, जाकिर खान रेलवे, इकबाल खान, जावेद खान, रजाक खान, खुर्शीद खान, हनीफ खान, जीवण खान, तौफीक खान, सतार खान,आबिद गौरी, अल्ताफ गौरी, बिलाल तुगलक आदि ने सहयोगी भूमिका निभाई। मीडिया प्रभारी मोहम्मद अली पठान ने सभी का आभार जताया।

# आचार्य महाश्रमण का जन्मोत्सव, पट्टोत्सव व दीक्षा दिवस उत्साह से मनाया

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** थान सुथान भवन में युगप्रधान आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या साध्वी मंजुयशा के पावन सान्निध्य में आचार्य महाश्रमण का 65 वां जन्मोत्सव, 17वां पट्टोत्सव व 53वां दीक्षा दिवस त्रिआयामी कार्यक्रम के रूप में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साध्वी श्री की ओर से नमस्कार महामंत्र के मंगल उच्चारण से हुआ। इसके बाद सामूहिक पाश्वनाथ स्तुति का संगान किया गया। तेरापंथ सभा के मंत्री हनुमानमल सेठिया ने अपने आराध्य के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। साध्वी मंजुयशा ने आचार्य महाश्रमण के दीर्घायु की मंगलकामना करते हुए कहा कि भारत की पुण्य धरा पर अनेक महापुरुष हुए हैं, जिन्होंने तप, त्याग, साधना, सादगी और सेवा के माध्यम से समाज को दिशा दी है। उन्हीं में आचार्य महाश्रमण का नाम भी गौरव के साथ लिया जाता है। उन्होंने बताया कि आचार्यश्री का जन्म सरदारशहर क्षेत्र में हुआ और अल्पायु में ही दीक्षा



लेकर उन्होंने आध्यात्मिक पथ को अपनाया। उन्होंने बताया कि आचार्य तुलसी व आचार्य महाप्रज्ञ के सान्निध्य में साधना करते हुए आचार्य महाश्रमण ने संघ सेवा में उत्कृष्ट योगदान दिया। उनकी अनुशासनप्रियता, समर्पण और मर्यादा निष्ठा के कारण वे तेरापंथ धर्मसंघ के 11वें आचार्य बने। कार्यक्रम में साध्वी चिन्मयप्रभा, अनुपमा, तीर्थप्रभा व माला मानसप्रभा की ओर 'एक्सीलेंस अवार्ड' कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। शासन साध्वी रमावती, जयन्तयशा, तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू बोथरा, शान्तिदेवी, सरोज देवी वेद, नवदीप बैगानी सहित ज्ञानशाला की ज्ञानार्थी माही बैंगानी ने गीत, कविता व भाषण के माध्यम से आचार्यश्री के प्रति श्रद्धा अर्पित की। साध्वी वृंद ने शासनश्री यशोमणि जी ने रचित गीत का मधुर संगान किया। कार्यक्रम का संचालन साध्वी चिन्मयप्रभा ने किया। अंत में मंगलपाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## कृषि आदान व्यापारियों की समस्याओं के समाधान की मांग




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राष्ट्रीय संगठन के आह्वान पर और राजस्थान एग्रीकल्चर इनपुट डीलर एसोसिएशन, जयपुर के निर्देशानुसार, जिला स्तर के पदाधिकारियों की ओर से महाराष्ट्र संगठन की हड़ताल के समर्थन में उपखंड कार्यालय में नायब तहसीलदार असलम खान को ज्ञापन सौंपा गया। चूरू एग्रो इनपुट डीलर एसोसियेशन की ओर से ज्ञापन सौंपते वक्त गोपाल, श्याम सुंदर, नवरतनमल, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे। प्रधानमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कृषि आदान व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग की गई है।

## तेज गर्मी के बाद रिमझिम बारिश

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर में पिछले तीन चार दिनों से तेज गर्मी व धूप से लोगों के हाल बेहाल हैं। सोमवार को भी तेज गर्मी के कारण लोगों के पसीने छूट गए। लेकिन दोपहर बाद मौसम में बदलाव आया और तेज हवाओं के साथ आसमान में बादल छाने लगे। शाम के करीब पौने पांच बजे रिमझिम बारिश हुई, जिससे लोगों को तेज धूप से निजात मिली। हालांकि शाम को उमस का माहौल हो गया।



### District Project Management Unit, Churu (Name of Procuring Entity)
Address- Jila Parishad Churu

**Notice Inviting Bid**

Bids for Man with machine and Multi-Purpose worker service (Name (s) of subject matter (s) of Procurement) are invited from interested bidder's upto 12.30 PM (time) 29-04-2026 (date). Other Particular of the bid may be visited on the Procurement portal (https:// sppp. rajasthan. gov.in/ sppp/index.php) ofthestate; andhttps:// rgavp. rajasthan. gov.in/websitemaster/Tenders Eolde partment website.

| | |
|---|---|
| NIB:- RGA2627A0030<br>UBN:-RGA2627SSOB00034 | 4,01,856.00 |

DIPR/C/7399/2026 **(Designation of Bid Inviting officer)**

### District Project Management Unit, Churu
Jila Parishad Churu

**Notice Inviting Bid**

Bids for Stationary (Name (s) of subject matter (s) of Procurement) are invited from interested bidder's upto 12.00 PM (time) 30-04-2026 (date). Other Particular of the bid may be visitedontheProcurementportal (https: // sppp. rajasthan. gov.in/ sppp/index. php) of the state; and https:// rgavp. rajasthan. gov.in/websitemaster/ Tenders Eoldepartment website.

| | |
|---|---|
| NIB:-RGA2627A0031<br>UBN:-RGA2627GSOB00035 | Rs. 7 lakh |

DIPR/C/7402/2026 **(Designation of Bid Inviting officer)**

### Notice Inviting Bid

Bids for Food arrangement (Name (s) of subject matter (s) of Procurement) are invited from interested bidder's upto 01.00 PM (time) 30-04-2026 (date). Other Particular of the bid may be visited on the Procurement portal (http://sppp.raj.nic.in)of the state department website.

| | |
|---|---|
| NIB:-RGA2627A0029<br>UBN:-RGA2627SSOB00033 | 9.50 lakh |

DIPR/C/7398/2026 **(Designation of Bid Inviting officer)**

### District Project Management Unit, Churu (Name of Procuring Entity)
Address- Jila Parishad Churu

**Notice Inviting Bid**

Bids for Photocopy and Printing services (Name (s) of subject matter (s) of Procurement) are invited from interested bidder's upto 12.00 PM (time) 30-04-2026 (date). Other Particular of the bid may be visited on the Procurement portal (https://sppp.rajasthan.gov.in/sppp/index.php) of the state; and https://rgavp.rajasthan.gov.in/websitemaster/Tenders Eoldepartment website.

| | |
|---|---|
| NIB:-RGA2627A0032<br>UBN:-RGA2627SSOB00036 | 4 lakh |

DIPR/C/7400/2026 **(Designation of Bid Inviting officer)**

राजस्थान सरकार
### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड चूरु

ई - 44 अग्रसेन नगर चूरू — E-mail- eemhchuru@yahoo.com फोन नं. 01562-254670

क्रमांकः प.01()/चि. स्वा./खण्ड-चूरु/2026-27/80 दिनांकः-22.04.2026

**निविदा सूचना संख्या : - 01/2026-27**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड चूरु के अन्तर्गत जिला चूरू एवं हनुमानगढ़ में ETP एवं अन्य निर्माण हेतु राशि रु. 48.50 लाख तक के कार्य के लिए निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www. dipronline. org,http// sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता हैं ।

**UBN No.**
1. NRH2627WSOB00085

अधिषाशी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
खण्ड चूरू

DIPR/C/7391/2026

### कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता ( परियोजना), जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, चूरू

दूरभाष न0 01562-251415 Email acephedchuru@gmail.com

कमांकः- अति0 मुख्य अभि (परि0) / एफ ) / स्था / 25-26 / दिनांकः-

**कार्यालय आदेश**

अधीक्षण अभियन्ता जन स्वा. अभि. विभाग वृत चूरू अधीन अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड सुजानगढ अन्तर्गत उपखण्ड ग्रामीण सुजानगढ ग्राम नोरंगसर और जैतारस में बने गुवाड़ स्थित क्षतिग्रस्त अनुपयोगी ऑपनवेल वर्ष 1984-85 गिराने की स्वीकृति जिसका पुस्तक मूल्य रूपये 28000/- अठ्ठाईस हजार मात्र व ऑपनवेल वर्ष 1985-86 गिराने की स्वीकृति जिसका पुस्तक मूल्य रूपये 30000/- तीस हजार मात्र है के सम्बन्ध में सर्वे समिति के द्वारा अनुंशषा की गई है उक्त ऑपनवेल 42 व 41 वर्ष पुराना है। पुराना होने के कारण से जीण-शीर्ण अवस्था में होने के कारण काफी पुराना होने व लगातार उपयोग में आने के कारण जीर्ण-शीण हो चूका है, ऑपनवेल की दीवार भी क्षतिग्रस्त हो चूकी है, तथा जगह जगह से दीवारों मे कैक हो चूके है अतः अनुपयोग एवम असुक्षित घोषित किया गया है, सर्वे समिति की रिपोर्ट कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वृत चूरू के क्रमांक / अ.अ. / सुजा / ग्रामीण / 25-26 राजकाज रेफरेन्स नम्बर 20696726 दिनांक 24.02.2026 को इस कार्यालय में प्रस्तुत कर इसे गिराने की स्वीकृति चाही है, अत एसओपी के आईटम संख्या 57 में प्रदत शक्तियो के तहत इस अनुपयोगी एवम असुक्षित घोषित जीएलआर को गिराने की स्वीकृति प्रदान की जाती है स्विच रूम में अनुपयोगी सामग्री का विभागीय नियमानुसार नीलामी द्वारा निस्तारण कर राशि राजकोष में जमा करवाई जाने के आधार पर स्वीकृति प्रदान की जाती हैं।

(रमेश कुमार राठी)
अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता ( परियोजना)
जन स्वा0 अभि0 विभाग, क्षेत्र चूरू

DIPR/C/7359/2026

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सरदारशहर

क्रमांक : 59-62 दिनांक : 21/04/2026

**ई-निविदा सूचना सं. 02/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सरदारशहर खण्ड के अन्तर्गत सीसी सड़कें एवं नाला निर्माण कार्य हेतु कुल 16 कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर.पी. डब्ल्यू. ए. - 100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2627A0195 के UBN No. निम्न प्रकार है :-

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2627WSOB00839 | 2 | PWD2627WSOB00840 |
| 3 | PWD2627WSOB00841 | 4 | PWD2627WSOB00842 |
| 5 | PWD2627WSOB00843 | 6 | PWD2627WSOB00844 |
| 7 | PWD2627WSOB00845 | 8 | PWD2627WSOB00846 |
| 9 | PWD2627WSOB00847 | 10 | PWD2627WSOB00848 |
| 11 | PWD2627WSOB00849 | 12 | PWD2627WSOB00850 |
| 13 | PWD2627WSOB00851 | 14 | PWD2627WSOB00852 |
| 15 | PWD2627WSOB00853 | 16 | PWD2627WSOB00854 |

(राजेन्द्र कुमार सैनी)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड सरदारशहर

DIPR/C/7297/2026

राजस्थान सरकार
### कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रतनगढ़ (चुरू)

**खुली निविदा सूचना**

| क्र.सं. | संस्थान का नाम | मेन वित्त मशिन | डी.ई.ओ. | स्पोर्ट स्टाफ | स्लीपर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श. प्रा. स्वा. केन्द्र अर्जुन क्लब, सरदारशहर | 0 | 1 | 1 | 1 |
| 2 | श0 प्रा0 स्वा0 केन्द्र, भाहर जी कुंआ, सरदारशहर | 0 | 1 | 1 | 1 |
| 3 | श0 प्रा0 स्वा0 केन्द्र, वार्ड न- 2, सरदारशहर | 1 | 0 | 1 | 1 |
| 4 | श0 प्रा0 स्वा0 केन्द्र, वार्ड न- 13, सरदारशहर | 1 | 0 | 1 | 1 |

अधिक जानकारी के लिए SPPP पोर्टल निम्न लिखित UBN पर देखे ।
1. श. प्रा. स्वा. केन्द्र अर्जुन क्लब- UBN: - MHS2627SSRC00491
2. श0 प्रा0 स्वा0 केन्द्र, भाहर जी कुंआ- UBN: - MHS2627SSRC00490
3. श0 प्रा0 स्वा0 केन्द्र, वार्ड न- 2- UBN: - MHS2627SSRC00493
4. श0 प्रा0 स्वा0 केन्द्र, वार्ड न- 13 UBN: - MHS2627SSRC00492

आज्ञा से संस्थान प्रभारी समस्त

# गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने की उठी मांग, प्रदेशभर में रैलियां निकाली, ज्ञापन सौंपे


बिजौलियां।


लक्ष्मणगढ़।


सांगानेर।


सांभरलेक.


सरदारशहर।


सुजानगढ़।


चूरू।


मंडावा।


धौलपुर।

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां।** गौ माता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा दिलाने,गौ हत्या बंद करने और गायों की सुरक्षा, सेवा व संरक्षण के लिए कड़े कानून बनाने की मांग को लेकर गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत महंत मालम राम महाराज व महंत गोपाल दास महाराज के सान्निध्य में गौभक्तों की ओर से रोडवेज बस स्टैंड से रैली निकाली गई।गौभक्त 'गौ माता राष्ट्र माता' व 'गौ हत्या बंद करो' जैसे नारे लगाते चल रहे थे।रैली में गौमाता की जीवंत झांकी भी बनाई गई। गौ सम्मान आह्वान अभियान तहसील प्रचारक उमेश शर्मा ने बताया कि मुख्य मार्गों से गुजर कर रैली उपखण्ड कार्यालय पहुंची जहां प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम उपखण्ड अधिकारी अजित सिंह राठौड़ को हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र की प्रति सौंपी गई। इससे पूर्व तहसील क्षेत्र के प्रत्येक गाँव में अभियान चला कर हस्ताक्षर करवाए गए।

**लक्ष्मणगढ़।** गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत सोमवार को कस्बे में संतों के सानिध्य में सर्व समाज के लोगों ने रैली निकालकर विभिन्न मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित किया गया। रैली की शुरुआत पुराना बस स्टैंड स्थित श्री विजय रघुनाथजी से हुई। यहां संतों के सानिध्य में बड़ी संख्या में गौ भक्त और सनातनी समाज के लोग एकत्रित हुए। इसके बाद रैली मुख्य बाजार मार्ग से रवाना होकर गणेशजी मंदिर, चौपड़ बाजार, मुरली मनोहरजी मंदिर, परशुराम सर्किल व शीतला माता मंदिर होते हुए सत्संग और कीर्तन के साथ उपखंड कार्यालय पहुंची।ज्ञापन में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, संपूर्ण देशी गोवंश की सेवा एवं सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून बनाने, गोपालन मंत्रालय की स्थापना करने तथा गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग उठाई गई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि ज्ञापन के साथ सर्व समाज के करीब 8 हजार हस्ताक्षरों की सूची भी संलग्न की गई है। इस दौरान ओमनाथ महाराज बऊ धाम, शिवराज जति महाराज भोजासर बड़ा, कमलनाथ महाराज रोरू बड़ी, गोविंदशरणदास महाराज रोरू छोटी, प्रवीणनाथ महाराज डुडवा, महंत दिलीपदास महाराज लक्ष्मणगढ़, सुंदरनाथ महाराज बाला का बास, आनंदनाथ महाराज रहनावा, दिवाकरनाथ महाराज रोरू बड़ी व हित श्रवणदास महाराज पाटोदा सहित अनेक संत मौजूद रहे। कार्यक्रम में सर्व समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

**सांगानेर।** राजधानी जयपुर के सांगानेर क्षेत्र में सोमवार को 'गौ सम्मान अभियान' के तहत सैकड़ों गौ भक्तों ने रैली निकालकर गौ माता को 'राष्ट्र माता' घोषित करने की मांग उठाई। रैली के बाद प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सांगानेर तहसीलदार विपुल चौधरी को सौंपा गया। रैली में शामिल श्रद्धालु विभिन्न मार्गों से होते हुए सांगानेर स्टेडियम पहुंचे। इस दौरान 'गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दो ', 'गौ रक्षा हमारा धर्म है' और 'गौ हत्या बंद हो' जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। रैली में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित समाज के विभिन्न वर्गों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। आयोजकों की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में गौ माता की सुरक्षा, संवर्धन और संरक्षण के लिए ठोस नीति बनाने के साथ ही उन्हें 'राष्ट्र माता' का दर्जा देने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। रैली के बाद सांगानेर स्टेडियम में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए संत प्रकाश दास जी महाराज ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति और आस्था का आधार है। यदि सरकार इस मांग पर शीघ्र निर्णय नहीं लेती है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर सांगानेर से कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पेंद्र भारद्वाज ने भी अपने संबोधन में कहा कि गौ माता को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलना चाहिए और इसके लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। कार्यक्रम में वार्ड 89 के पार्षद गिर्राज शर्मा, जितेंद्र स्वामी सहित कई नागरिक मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि गौ संरक्षण और सम्मान को लेकर अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।




बीदासर।

**बीदासर।** गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर गो सेवकों की ओर से'गो सम्मान आह्वान' अभियान के तहत चलाया जा रहा हस्ताक्षर अभियान सोमवार को चरम पर पहुंच गया। पिछले 15 दिनों से चल रहे इस अभियान के समापन पर नोखा-सीकर मार्ग स्थित बीदासर गोशाला से सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में विशाल रैली निकाली गई। रैली दड़ीबा, बेरी चौक, मंडी बाजार और गांधी चौक होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची, जहां गो भक्तों ने जोरदार नारेबाजी कर अपनी मांग रखी। इस दौरान प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम करीब 4 हजार हस्ताक्षरों के साथ ज्ञापन एसडीएम अमीलाल यादव को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 48 एवं 51(द्द) की भावना के अनुरूप 'अखिल भारतीय वेदलक्षणा गोवंश' को 'राष्ट्रमाता/राष्ट्र आराध्या' का संवैधानिक दर्जा दिया जाए। साथ ही केंद्रीय स्तर पर गोसेवा मंत्रालय की स्थापना और गोवंश संरक्षण के लिए एकीकृत कानून बनाने की मांग भी की गई। गो सेवकों ने कहा कि देशी गोवंश भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक परंपरा का आधार है, लेकिन वर्तमान में भूख, दुर्घटनाओं, तस्करी और अवैध वध के कारण इसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। ऐसे में केंद्र सरकार को ठोस कदम उठाकर गोवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए नीति बनानी चाहिए। इस मौके पर विहिप जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह राजपुरोहित, मंत्री कमल दूगड़, शिव कुमार टांटिया, नौरतन जाट, सुरजीत देरससरी, लक्ष्मण दर्जी, रघुवीर सिंह, अर्जुन सैन, बाबूलाल ओझा, मनोहर सिंह, महिपाल सिंह, राजू शर्मा, गुड्डू सोनी, लालचंद, ओमप्रकाश, रौनक तेजस्वी, जीतसिंह मेड़तिया सहित सैकड़ों गो सेवक मौजूद रहे।

**सांभरलेक.** कस्बे में सोमवार को गौ भक्तों की ओर से'गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने' की मांग को लेकर विशाल रैली निकाली गई। रैली में सैकड़ों की संख्या में पुरुष, महिलाएं और युवा शामिल हुए। सभी ने हाथों में तख्तियां व बैनर लेकर गौ संरक्षण के समर्थन में नारे लगाए। रैली कस्बे के विभिन्न मार्गों से होती हुई उपखंड कार्यालय पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने उपखंड अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने, गौ हत्या पर सख्त कानून लागू करने तथा गौशालाओं को सरकारी संरक्षण व आर्थिक सहायता बढ़ाने की मांग की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता का विशेष महत्व है और इसे राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। रैली के दौरान पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा और पूरे कार्यक्रम को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया।

**सरदारशहर।** गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को भारत वर्ष में संतो के आग्रह पर सभी गो भक्त एक साथ होकर एक आवाज में भारत के सभी 5809 तहसीलों में एक साथ गो प्रेमियों ने अपने अपने तहसील मुख्यालय पर गौ माता को गो सम्मान दिवस के रूप में संकल्प लिया था। इस संकल्प को आज पूर्ण कर रहे हैं। गौ सम्मान आह्वान अभियान के समर्थन में हस्ताक्षर युक्त प्रतियां सहित ज्ञापन उदासर महंत दयानाथ जी महाराज, बाल संत भोले बाबा के नेतृत्व में कम्मा गेस्ट हाउस से डीजे बैंड के साथ गो माता के भजनों का कीर्तन करते हुए सभी गो भक्त तहसील मुख्यालय पहुंचकर तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर गोमाता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग की है। गो सम्मान आह्वान अभियान में बाल संत बोले बाबा ने कहा कि गाय माता राष्ट्र माता बने। इसी संकल्प को लेकर अब संपूर्ण भारत वर्ष में संतों ने आह्वान किया है। दया नाथ जी महाराज ने कहा कि गौ सेवा और गौ रक्षा के माध्यम से होने वाले राष्ट्र रक्षा एवं संस्कृति रक्षा के इस निष्काम और पवित्र अभियान में सम्मिलित होना हम सभी का धर्म है। गो सम्मान आह्वान अभियान के संयोजक रामप्रसाद बोहरा ने कहा कि गो हत्या पर पूर्णतया प्रतिबंध लगे, केंद्र सरकार और देश की सभी राज्य सरकारों से आग्रह है कि गो सेवा मंत्रालय बनाया जाये, जिससे देशी गोवंश पूर्णत से सुरक्षित हो। ज्ञापन देने वालों में गोपीकृष्ण शर्मा, मुकेश देरासरी, संदीप सोनी, अभिषेक भोजक, सुखलाल चौहान, किशन मोयल, राजेंद्र सोनी, सांवरमल कम्मा, बालकिशन कौशिक, तेजपाल चौधरी, शिवदयाल पारीक, कुंभाराम जोशी, मीना लाल माली, पुलकित भोजक, महेश बढाढरा, मनोज सोनी, विष्णु भोजक, दीपक सैन, रोहित भोजक, मंयक सैनी, गोपी भोजक, राहुल बगड़िया, बबली सैनी, गिरधारीलाल सैनी, सुरेंद्र सैनी सहित अनेक मातृशक्ति के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

**सुजानगढ़।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत गाय को राष्ट्रीय सम्मान दिलाने व गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गाय को राष्ट्र माता घोषित करवाने सहित गाय की रक्षा, सुरक्षा, सम्मान व संवर्धन सहित अनेकों मांग को लेकर युवा संत केशव दास महाराज के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया है। गांधी चौक में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ व गौ पूजन के पश्चात रैली के रूप में सैकड़ो गोभक्तों ने हाथों में तख्तियां लेकर गौ रक्षा के नारे लगाते हुए उपखंड कार्यालय तक रैली निकाली। उपखंड कार्यालय में संतों व क्षेत्र के गौ भक्तों के नेतृत्व में सुजानगढ़ तहसील के 21000 लोगों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन माननीय राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम सौंपा गया नायब तहसीलदार को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि गाय भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रमुख आधार है, इसलिए गाय को राष्ट्रीय माता का दर्जा व सम्मान दिया जाना चाहिए। किशोर दास स्वामी ने बताया कि उपस्थित लोगों ने गौ संरक्षण और गौ संवर्धन के लिए केंद्रीय गो मंत्रालय बना कर सरकार से ठोस कदम उठाने की भी मांग की। इस अवसर पर केशव दास महाराज, सुंदर दास महाराज धां, श्याम नाथ महाराज छापर, नेमनाथ महाराज, जुगलदास महाराज, बाबा बुधनाथ महाराज, संत कालीनाथ महाराज, विहिप जिला अध्यक्ष सुभाष पारीक, गौसेवक बबलू बजरंगी, गजानंद दाधीच, विक्की परावा, रामावतार मंत्री, नरेंद्र सिंह भाटी, सांवरमल कोलासर, राधा कृष्ण आबसर, वैद्य भंवरलाल काछवाल, हनुमान मालकसर, हरिप्रसाद मूंधड़ा, दीपक छापर, कालू राम जाट, अजीत सारंगसर, मोहित शास्त्री, रमेश जांगिड़, राजेश सुंदरिया, कपिल पेंटर, प्रेम तूनवाल सहित सैकड़ो गौ भक्त उपस्थित रहे। इसी प्रकार रैली में श्रीश्याम सखी मंडल की कार्यकर्ता भी शामिल हुईं। मंडल अध्यक्षा कांता शर्मा ने बताया कि सरकार को गौ हत्या पूर्णतया बंद करने, गो सेवा हेतु केंद्रीय कानून व गो सेवा मंत्रालय बनाकर गायों की सुरक्षा की जानी चाहिए। इस अवसर पर राजू सोनी, उषा शर्मा, माया गोठड़िया, सुधा करवा, आभा शर्मा, चंद्रप्रभा, सरोज शर्मा, तारा, कंचन, संतोष शर्मा, कंचन सोनी, भारती सोनी, दुर्गा शर्मा, कुसुम शर्मा आदि ने रैली में भाग लिया।

**चूरू।** गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने व देशी गोवंश के संरक्षण के लिए चलाए जा रहे गौ-सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय पर सोमवार को संतों के सानिध्य में भव्य जुलूस निकाला गया। गौमाता के सम्मान, संरक्षण और संवर्धन के लिए निकाले गये इस जुलूस में बड़ी संख्या में गौ-भक्त उपस्थित रहे। इस अवसर पर धर्म प्रेमियों ने गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने व देशी गोवंश के संरक्षण के लिए नारेबाजी की। यह जुलूस केंद्रीय विद्यालय से रवाना होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचा और अपनी मांगों को लेकर एसडीएम सुनील कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर भानी नाथ आश्रम के महंत देवनाथ महाराज ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य केवल ज्ञापन देना ही नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, भारतीय संस्कृति की पहचान और सनातन सभ्यता के मूल स्वरूप गौमाता को उसका उचित सम्मान दिलाना है। जुलूस में खासोली धाम के महंत नवरत्न गिरी महाराज व ध्यान नाथ महाराज के सानिध्य में गौमाता व नंदी महाराज के साथ भजन-कीर्तन, जयघोष और गौ माता के जयकारों से पूरे वातावरण को धार्मिक मय बना दिया। गोपी शर्मा ने बताया कि यह अभियान सम्पूर्ण भारत में एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। गौमाता को राष्ट्र माता घोषित करने और देशी गोवंश के संरक्षण के लिए देशभर में संत-महात्माओं के नेतृत्व में जन समर्थन मिल रहा है। बी. एन. राजोतिया ने बताया कि पूरे भारतवर्ष में अब तक लगभग 5904 तहसीलों में एक साथ जिला कलेक्टरों व उपखंड मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल आंदोलन नहीं, अपितु हमारी संस्कृति, आस्था और राष्ट्र चेतना का पुनर्जागरण करना है। राजस्थान गौ सेवा समिति के जिलाध्यक्ष श्रीराम पीपलवा ने बताया कि उपखंड अधिकारी के संतोष जनक आष्वासन के बाद रैली का समापन किया गया। इस अवसर पर आशीष चोटिया, संजय सिंघानिया, प्रदीप ढ़ाढ़र, सुधीर कुदाल, महेश गौड़, राकेश ओझा, सुरेश कुमार, कन्हैयालाल सैनी, आकाश, श्रीराम सैनी, डॉ. अशोक शर्मा, मेजर विनोद शर्मा, सोनू ओझा, विमल जोशी, कमल किशोर जोशी, मुकेश ठठेरा, योगेश गौड़, बाबू पाटिल, प्रतिभा नगर महिला सत्संग मंडल, छः न्याति प्रभात फेरी, शहर व देहात की सभी गौ-शालाओं के गौ सेवक सहित बड़ी संख्या में गौ-भक्त व प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

**मंडावा।** गौ माता सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को गौ संरक्षण को लेकर गौ भक्तों ने रैली निकाल कर तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। मुकंदगढ़ रोड स्थित कामधेनु निराश्रित गौ सेवा समिति की ओर से संचालित गौशाला से रैली रवाना होकर तहसील कार्यालय पहुंची। तहसील स्तरीय रैली गौ माता के संरक्षण, गौ हत्या पर रोक लगाने व गौ पालकों के सम्मान, राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांगों को लेकर निकाली गई। नायब तहसीलदार मुकेश सिहाग को गौ माता को उचित सम्मान तथा राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। इस दौरान संदीप शर्मा, विद्याधर सैनी, सीताराम सैनी, रविंद्र शर्मा, सुभाष बावलिया, नरेंद्र सुरोलिया, किशोर चौहान, महेश बारी, प्रकाश स्वामी, गोवर्धन, संजय शर्मा, सुमित सैनी, राहुल सैनी, पंकज सैनी, प्रदीप सैनी, कृष्णा चौहान, मानव सैनी, निहाल यादव, हेमंत सैनी, निखिल, नितिन सहित गौ भक्त उपस्थित रहे।

**धौलपुर।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और गौ संरक्षण की मांग को लेकर धौलपुर में संत समाज, गौसेवकों और नागरिकों ने तहसीलदार को राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में महंत हनुमान दास, महंत रणछोड़दास, कथावाचक ऋषिकेश और बालव्यास सहित कई संतों के सानिध्य में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सभी ने गौवंश की स्थिति पर चिंता जताते हुए ठोस कदम उठाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में बड़ी संख्या में गौवंश सड़कों पर बेसहारा घूम रहा है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। साथ ही उन्हें पर्याप्त भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। इस मौके पर गौ भक्तों ने नए गणेश मंदिर भार्गव वाटिका से तहसील कार्यालय तक रैली निकालकर गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौशालाओं की संख्या बढ़ाने और निराश्रित गौवंश के संरक्षण के लिए विशेष अभियान चलाने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि गौसेवा केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। अंत में सभी ने गौमाता की सेवा और संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।